संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-108 रविवार, 18 फरवरी 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# ईसरो का आईएनएसएटी-3 डी सैटेलाइट लॉन्च

» 10 साल मौसम की सटीक जानकारी देगा...

» 19.13 मिनट में पृथ्वी से 37000 किमी की ऊंचाई पर पहुंचा...

**श्रीहरिकोटा,17 फरवरी 2024(ए)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने शनिवार (17 फरवरी) को इतिहास रच दिया है। 10 साल तक मौसम की सटीक जानकारी देने वाले सैटेलाइट आईएनएसएटी-3डी को सफलता पूर्वक लान्च किया। इसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से शाम 5.35 बजे लॉन्च किया गया। सैटेलाइट की लॉन्चिंग जीएसएलव्ही एमके द्वितीय रॉकेट से हुई। ये 19 मिनट 13 सेकंड में 37000 किलोमीटर ऊंचाई पर जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट यानी पृथ्वी की ऊपरी कक्षा में पहुंचा।

1 जनवरी 2024 को पीएसएसव्ही-सी 58/एक्सपोसेट मिशन की लॉन्चिंग के बाद 2024 में इसरो का यह दूसरा मिशन है। यह आईएनएसएटी-3 डीआर 8 सीरीज की 7वीं उड़ान है। इस सीरीज का आखिरी सैटेलाइट आईएनएसएटी-3 डीआर 8 सितंबर 2016 को लॉन्च किया गया था।



इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ के मुताबिक,10 नवंबर 2023 से आईएनएसएटी-3 डी के वाइब्रेशन टेस्ट शुरू हो गए थे। यह 6-चैनल इमेजर और 19-चैनल साउंडर के जरिए मौसम से जुड़ी जानकारी देगा। साथ ही सर्च और रेस्क्यू के लिए जमीनी डेटा और मैसेज रिले करेगा।

**क्या करेगा आईएनएसएटी 3डीएस**

2274 किलोग्राम वजनी सैटेलाइट एक बार चालू होने के बाद अर्थ साइंस, मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी),नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी (एनआईओटी), मौसम पूर्वानुमान केंद्र और भारतीय राष्ट्रीय केंद्र के तहत विभिन्न विभागों को सेवा प्रदान करेगा। 51.7 मीटर लंबा रॉकेट इमेजर पेलोड, साउंडर पेलोड, डेटा रिले ट्रांसपोंडर और सैटेलाइट एडेड सर्च एंड रेस्क्यू ट्रांसपोंडर ले जाएगा। जिनका उपयोग बादल, कोहरे, वर्षा, बर्फ और उसकी गहराई, आग, धुआं, भूमि और समंदरों पर स्टडी के लिए किया जाएगा।

सबसे बड़ा लोकल कम्यूनिकेशन सिस्टम इनसैट या इंडियन नेशनल सैटेलाइट सिस्टम, भारत की कम्यूनिकेशन, टेलीकास्ट, मौसम विज्ञान और सर्च एंड रेस्क्यू की जरूरतों को पूरा करने के लिए इसरो ने बनाया है। यह जियो स्टेशरी सैटेलाइट्स की सीरिज है। इसकी शुरुआत 1983 में की गई। इनसैट एशिया प्रशांत क्षेत्र में सबसे बड़ा लोकल कम्यूनिकेशन सिस्टम है।सैटेलाइट्स की निगरानी और कंट्रोल कर्नाटक के हासन और मध्य प्रदेश के भोपाल में स्थित मेन कंट्रोल सेंटर्स से किया जाता है। इस सीरिज के अब तक छह सैटेलाइट्स लॉन्च किए जा चुके हैं। आखिरी सैटेलाइट आईएनएसएटी-3डीआर है। यह अभी भी काम कर रहा है।

## मशहूर डायरेक्टर राजकुमार संतोषी को कोर्ट ने सुनाई सजा

### 2 करोड़ रुपये जमा करने का भी आदेश



**अहमदाबाद,17 फरवरी 2024 (ए)।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्म डायरेक्टर राजकुमार संतोषी, जो 'घायल', 'घातक' और 'अंदाज अपना अपना' जैसी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं, जामनगर कोर्ट ने उन्हें एक पुराने मामले में 2 साल की सजा सुनाई है. दरअसल, ये मामला एक करोड़ रुपये के चेक बाउंस से जुड़ा हुआ है। 2 साल की सजा के साथ कोर्ट ने उन्हें चेक अमाउंट की दोगुनी रकम यानी 2 करोड़ रुपये भरने का आदेश भी दिया है

**18 बार मिला सुनवाई का मौका**

दरअसल,जब चेक बाउंस हुआ तो उसके बाद अशोकलाल राजकुमार संतोषी से बात करना चाहते थे, लेकिन उनसे उनकी बात नहीं हो पाई, जिसके बाद वो जामनगर कोर्ट पहुंच गए। बताया जा रहा है कि मामला जब कोर्ट में पहुंचा तो संतोषी 18 दफा सुनवाई से गायब रहे। वहीं अब उसी मामले को लेकर कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। 2 साल की सजा के साथ-साथ 2 करोड़ रुपये देने का भी आदेश दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### अरविंद केजरीवाल के मामले की सुनवाई16 मार्च को

**नई दिल्ली,17 फरवरी 2024 (ए)।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज



एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट के सामने उनके वकील की ओर से कहा गया कि बजट सत्र की वजह केजरीवाल कोर्ट में पेश नहीं हो पाए। कोर्ट में सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि अगली सुनवाई के लिए वह खुद पेश होंगे ।इस मामले में अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी।

### प्रश्न पत्र देख यूनिवर्सिटी की इमारत से कूदा छात्र,मौत

**कर्नाटक,17 फरवरी 2024(ए)।** उडुपी जिले के मणिपाल शहर में शनिवार को एक छात्र ने इमारत से कूदकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि छात्र एक परीक्षा में शामिल



हुआ था, लेकिन प्रश्न पत्र देखने के बाद उसने खुदकुशी कर ली। मृतक छात्र की पहचान बिहार निवासी सत्यम सुमन (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि छात्र मणिपाल (माहे) यूनिवर्सिटी में एमसीएचपी डिवीजन में दूसरे वर्ष का छात्र था। सत्यम ने परीक्षा हॉल में प्रवेश किया था और प्रश्नपत्र मिलने के बाद वह तनाव में दिख रहा था। उसने परीक्षा हॉल छोड़ दिया और इमारत से छलांग लगा दी, इससे उसकी मौत हो गई।

# एमएसपी पर अध्यादेश लाए सरकार



सरवन सिंह पंढेर ने पंजाब-हरियाणा शंभू सीमा पर पत्रकारों से बातचीत की। केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक से एक दिन पहले शनिवार को पंढेर ने कहा कि केंद्र को एमएसपी को कानूनी गारंटी देने पर अध्यादेश लाना चाहिए।

» केंद्र के साथ बैठक से पहले पंढेर की मांग,बताई आगे की रणनीति

**चंडीगढ़,17 फरवरी 2024 (ए)।** किसान आंदोलन पांचवे दिन भी जारी है। एमएसपी की गारंटी सहित कई मांगों को लेकर किसानों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। वहीं बीते दिनों तीन केंद्रीय मंत्रियों के साथ किसान संगठनों की बैठक में भी कोई हल नहीं निकल पाया है। इस पर किसानों ने दिल्ली कूच का फैसला जारी रखा है। उनका कहना है कि तब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करेगी, तब तक वह इस धरना को जारी रखेंगे।

**सरवन सिंह ने केंद्र से की ये मांग**

अब शनिवार को किसान नेता

**केंद्र नहीं सुलझा रही मुद्दाः सरवन सिंह पंढेर**

सरकार ने 23 फसलों के लिए एमएसपी की घोषणा की, लेकिन केवल 2-3 फसलें खरीदीं। हम पहले कदम के रूप में कॉरपोरेट्स द्वारा फसलों की खरीद में लूट को खत्म करना चाहते हैं। मेरा मानना है कि अगर सरकार गंभीरता से उपभोक्ता और उत्पादक पर ध्यान केंद्रित करे और कॉरपोरेट पर थोड़ा कम ध्यान दे तो इस पूरे मुद्दे को सुलझाया जा सकता है।

# रायबरेली सीट गांधी परिवार नहीं छोड़ेगी, प्रियंका संभालेगी सोनिया की विरासत

### यूपी पीसीसी चीफ अजय राय ने इशारों-इशारों में समझाया पूरा गणित

**नई दिल्ली,17 फरवरी 2024 (ए)।** यूपी कांग्रेस चीफ अजय राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी की यात्रा के बारे में जानकारी दी। प्रेस वार्ता के दौरान अजय राय ने इशारों ही इशारों में समझा दिया कि रायबरेली सीट गांधी परिवार अभी छोड़ने वाला नहीं है।राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आज उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर गई है और वाराणसी पहुंच गई है। इस दौरान राहुल गांधी ने काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए।

**पारिवारिक सीट है रायबरेली**

पीसीसी चीफ अजय राय ने कहा कि, रायबरेली सीट गांधी परिवार की पारिवारिक सीट है। रायबरेली सीट से



गांधी परिवार को खासा लगाव है। रायबरेली से उस परिवार के दादा, मां और पोता तीनों चुनाव लड़ चुके हैं। आगे भी यह सीट गांधी परिवार के पास ही रहेगी। गांधी परिवार रायबरेली सीट को छोड़ने नहीं जा रहा है।

**चुनाव लड़ेंगी प्रियंका ?**

अजय राय के बयान के बाद सियासी गलियारों में चर्चा का बाजार गरम है। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि रायबरेली से कांग्रेस प्रियंका गांधी को चुनाव लड़ा सकती है। ऐसा इसलिए माना जा रहा है क्योंकि राहुल गांधी के अमेठी के बगल वाली सीट रायबरेली से उतरना मुश्किल है। अब तक अमेठी के लिए किसी के नाम का ऐलान नहीं हुआ है। अगर प्रियंका गांधी अगर पहली बार चुनाव लड़ती हैं तो उनके सोनिया की विरासत वाली सीट सेफ मानी जा रही है।

**कांग्रेस की उम्मीद है प्रियंका**

कांग्रेस की उम्मीद है प्रियंका, प्रियंका अगर यूपी की किसी सीट से चुनाव लड़ती हैं तो युवाओं को अपने प्रभाव में ले सकती हैं। इससे आसपास की और सीटों पर भी असर पड़ सकता है। प्रियंका गांधी यूपी में महासचिव के पद पर रहते हुए काफी काम भी कर चुकी हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद उन्होंने यूपी दौरे कम कर दिए थे।

## राहुल गांधी के चरण जहां-जहां पड़े,उस रास्ते को भाजपाइयों ने गंगाजल से किया शुद्ध

**वाराणसी,17 फरवरी 2024 (ए)।** वाराणसी में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का पहले राम भक्तों ने विरोध किया। अब भाजपाइयों को उस रास्ते को गंगाजल से धोकर शुद्ध किया,जहां से राहुल गांधी गुजरे थे। सुबह राहुल गांधी की न्याय यात्रा के निकलने के थोड़ी देर बाद ही जहां राम भक्तों ने उन्हें जय श्री राम लिखा हुआ भगवा झंडा लहराकर दिखाया। इसके बाद भाजपाइयों ने राहुल गांधी के उसे पड़ाव का शुद्धिकरण किया, जहां से उन्होंने अपना संबोधन दिया था।दरअसल, राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शहर के गोदौलिया चौराहे पर कुछ देर ठहरी थी। इस दौरान राहुल गांधी ने वहां अपना संबोधन दिया था। इसके बाद जैसे ही यात्रा आगे बढ़ी, वैसे ही वहां पहले से जुटे हुए भाजपाई पहुंच गए और गोदौलिया चौराहे को गंगाजल से धोना शुरू कर दिया। ऐसा करने के पीछे भाजपाइयों की दलील थी कि राहुल गांधी जैसे भ्रष्ट और गौ-हत्यारों का साथ देने वाले के काशी में आ जाने से काशी



अशुद्ध हो गई है। इसलिए उन लोगों की तरफ से 51 लीटर गंगाजल से चौराहे पर शुद्धिकरण किया गया है।

वाराणसी में आज राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान सरगर्मी बढ़ गई थी। उनकी यात्रा के शुरू होने के कुछ समय बाद सड़क किनारे राम भक्तों ने जय श्री राम का नारा लगाते हुए। जय श्री राम लिखा भगवा झंडा भी दिखाया। इस दौरान राहुल गांधी के खिलाफ राम भक्तों ने जमकर नारेबाजी भी की. बताया कि राहुल गांधी सनातन विरोधी और राम विरोधी हमेशा से रहे हैं। इसलिए उनका हमेशा काशी के राम भक्त विरोध करते रहेंगे।

## दरभंगा में 19 फरवरी तक इंटरनेट सेवा पर लगी रोक

### सरस्वती मूर्ति विसर्जन जुलूस में हुए बवाल के चलते लिया गया फैसला

**पटना,17 फरवरी 2024 (ए)।** दरभंगा में सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस के दौरान हुए बवाल को देखते हुए पूरे जिले में इंटरनेट पर रोक लगा दी गई है। दरभंगा के डीएम-एसएसपी की



अनुशंसा पर गृह विभाग ने यह रोक लगाई है। यह रोक 17 फरवरी को दोपहर दो बजे से प्रभावी हो गई है, जो 19 फरवरी की दोपहर दो बजे तक प्रभावी रहेगी।गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने अपने आदेश में कहा है कि डीएम-एसएसपी की रिपोर्ट के अनुसार, कुछ असमाजिक तत्व दरभंगा जिले में इंटरनेट के माध्यम से आपत्तिजनक सामग्री का प्रसार कर अफवाह फैला रहे हैं। ऐसे में फेसबुक, ट्विटर, वाट्सएप, टेलीग्राम, गूगल प्लस, वीचैट, टेलीग्राम, यूट्यूब जैसे इंटरनेट मीडिया माध्यम और त्वरित संदेश भेजने की सुविधा को 19 फरवरी तक रोक दिया गया है।

## लोकसभा चुनाव पर चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार बोले... 'हम तैयार हैं'

### चुनाव आयोग 2024 के संसदीय और विधानसभा चुनाव कराने तैयार

**नई दिल्ली,17 फरवरी 2024(ए)।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार (17 फरवरी) को मीडिया से लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि चुनाव आयोग 2024 के संसदीय चुनाव और राज्य विधानसभा चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है और सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

**क्या कहा मुख्य चुनाव आयुक्त ने ?**

राजीव कुमार कहा, मैं चुनाव आयोग की ओर से और आपके (मीडिया) माध्यम से



कहना चाहता हूं कि हम 2024 के संसदीय चुनाव और राज्य (ओडिशा) विधानसभा चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हर तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।उन्होंने कहा, मैं आयोग की ओर से आपके (मीडिया) माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि ओडिशा के सभी मतदाताओं को आना चाहिए और लोकतंत्र के इस उत्सव में भाग लेना चाहिए। उम्मीद की जा रही है कि चुनाव आयोग जल्द ही लोकसभा चुनाव 2024 की तारीख की भी घोषणा कर देगा। ओडिशा में इस साल विधानसभा चुनाव होना है। इसलिए लोकसभा चुनाव के साथ ही ओडिशा चुनाव की घोषणा भी हो सकती है. माना जा रहा है कि इस साल अप्रैल और मई के महीने में लोकसभा चुनाव कराया जा सकता है. 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को समाप्त होगा।

**कितने चरणों में होगा मतदान?**

2014 के लोकसभा चुनाव के लिए 9 चरणों में मतदान हुआ था। 2019 के आम चुनाव में 7 चरणों में वोट डाले गए थे, अब 2024 का लोकसभा चुनाव कितने चरणों में संपन्न होगा, इस बारे में आधिकारिक घोषणा चुनाव आयोग की ओर से की जाएगी।

## मणिपुर हथियार लूट मामले में बड़ी कार्यवाही

» 7 पुलिसकर्मी निलंबित;

» चुराचांदपुर में इंटरनेट सेवाएं बंद

**इंफाल,17 फरवरी 2024(ए)।** इंफाल पूर्वी जिले में 5वीं बटालियन मणिपुर राइफल्स शिविर से मंगलवार को भीड़ द्वारा हथियार और गोला-बारूद लूटने के बाद ड्यूटी में लापरवाही के लिए मणिपुर राइफल्स के सात जवानों को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। अधिकारियों ने निलंबन आदेश का हवाला देते हुए कहा कि 5वीं बटालियन मणिपुर राइफल्स शस्त्रागार से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने के बाद सात कर्मियों को ÷कर्तव्यों के प्रति गंभीर लापरवाही÷ के कारण निलंबित कर दिया गया।पुलिस ने कहा कि इस मामले के सिलसिले में छह लोगों को



भी गिरफ्तार किया गया है, और बुधवार रात आरोपियों से चार इंसास राइफलें, एक एके घटक -2, सेल्फ-लोडिंग राइफलों की कुछ मैगजीन और 9 मिमी गोला-बारूद के 16 छोटे बक्से बरामद कर ली गई है। गुरुवार रात लगभग 400 लोगों की भीड़ द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पर धावा बोलने की कोशिश के बाद आदिवासी बहुल चुराचांदपुर जिले में शुक्रवार से पांच दिनों के लिए इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। सुरक्षा बलों ने आंसूगैस के गोले दागकर भीड़ को तितर-बितर किया और स्थिति को नियंत्रित किया, हालांकि शुक्रवार देर रात तक इलाके में तनाव व्याप्त था।

## बीजेपी का दामन थामेंगे नवजोत सिंह सिद्धू

**नई दिल्ली,17 फरवरी 2024 (ए)।** 70 साल पुरानी देश में एकछत्र राज करने वाली राजनीतिक पार्टी को छोड़कर जाने की मैराथन दौड़ चल रही है। बड़े-बड़े कांग्रेस के सिपहसालार कहे जाने



वाले लोग जिनके इशारे से सीएम बदल जाता था, उनका कांग्रेस से मोह भंग हा गया है। सभी को मोदी की गारंटी पर गारंटी हो गया है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही पार्टियों में दल-बदल का खेल शुरू हो गया है।एक तरफ जहां कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलें तोज हो गई हैं तो वही, अब खबर सामने आ रही है, कि नवजोत सिंह सिद्धू भी बीजेपी में शामिल हो सकते हैं।सूत्रों से जानकारी मिली है, कि नवजोत सिंह सिद्धू देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस छोड़ एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे।

## पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट,हादसे में 9 लोगों की मौत

**शिवकाशी,17 फरवरी 2024(ए)।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के वेम्बाकोट्टई में एक पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त विस्फोट हो गया। इस हादसे में यहां काम करने वाले 9 श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह पटाखा फैक्ट्री मुथुसामीपुरम में संचालित है, जिसके मालिक का नाम विजय बताया जा रहा है। विस्फोट के बाद सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस, फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया।



**जमींदोज हो गई पूरी फैक्ट्री**

हादसे की प्रारंभिक जांच में पता चला कि विस्फोट फैक्ट्री के केमिकल मिक्सिंग रूम में हुआ। इस विस्फोट में फैक्ट्री के पास स्थित चार इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि जिस मकान में पटाखा फैक्ट्री चल रहा था, वह जमींदोज हो गया। पुलिस ने कहा कि मलबे कुछ और लोगों के दबकर मरने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जानकारी के मुताबिक हादसे में मारे गए 9 लोगों में 5 महिलाएं थीं। गंभीर रूप से घायल 6 लोगों को शिवकाशी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**यहां भी कई फैक्ट्रियां अवैध**

तमिलनाडु में पटाखे का बड़ा उद्योग है। इसमें कई अवैध फैक्ट्रियां भी संचालित होती हैं, जिनके पास सरकारी लाइसेंस नहीं होता। ऐसी फैक्ट्रियों में सुरक्षा के काई इंतजाम नहीं होते और श्रमिक हर पल अपनी जान जोखिम में डालकर काम करते हैं। पिछले साल अक्टूबर महीने में भी विरुधुनगर जिले की दो पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट की घटना हुई थी। रंगापलयम और किचन्याकानपट्टी में दो अलग-अलग पटाखा फैक्ट्रियों में हुए विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई थी,जबकि 15 से अधिक लोग घायल हो गए थे। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व ही एमपी के हरदा में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में कई लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद राज्य भर में कार्रवाई का ुर अब भी जारी है। यहां कई अवैध पटाखा फ़ैक्ट्रियां पकड़ी जा चुकी हैं और कई ट्रक अवैध पटाखे की जब्ती हो चुकी है।

## संपादकीय

# कांग्रेस में जिन्हें सब कुछ मिला वे छोड़ रहे

आमतौर पर किसी नेता के पार्टी से नाराजगी का कारण यह होता है कि पार्टी ने उसे कुछ नहीं दिया। लेकिन कांग्रेस में इसका उलटा होता है। कांग्रेस में जिन लोगों को सब कुछ मिलता है वे ही नाराज होते हैं। पिछले एक दशक में यानी जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनी है तब से कांग्रेस छोडऩे वाले नेताओं की सूची पर नजर डालेंगे तो दिखाई देगा कि पार्टी ने जिन लोगों को मुख्यमंत्री बनाया, केंद्र में मंत्री बनाया और संगठन में बड़े पद दिए उन लोगों ने ही पार्टी छोड़ी। इनमें अनेक लोग ऐसे हैं, जो योग्य नहीं थे लेकिन पार्टी नेतृत्व के साथ नजदीकी या परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि या विदेश में पढ़ाई लिखाई की वजह से ऊंचे पदों पर आसीन हुए और जब कांग्रेस कमजोर हुई तो पार्टी छोड़ कर मजबूत पार्टी की ओर चले गए, जहां से कुछ हासिल हो सकता है। पिछले एक दशक में कांग्रेस के एक दर्जन पूर्व मुख्यमंत्रियों ने पार्टी छोड़ी है। सोचें, राजनीति में प्रधानमंत्री के बाद दूसरा सबसे अहम पद मुख्यमंत्री का होता है और कांग्रेस ने जिन योग्य या अयोग्य लोगों को मुख्यमंत्री बनाया उनमें से 10 ने पार्टी छोड़ दी। ताजा मामला अशोक चव्हाण का है, जिनको कांग्रेस ने दो बार मुख्यमंत्री बना कर देश की वित्तीय राजधानी यानी मुंबई में बैठाया। वे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे और बाद में प्रदेश अध्यक्ष भी हुए लेकिन अब वे भाजपा में शामिल हो गए हैं। महाराष्ट्र के एक और पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे इन दिनों भाजपा में हैं। हालांकि उनको शिव सेना ने सीएम बनाया था। लेकिन जब वे शिव सेना छोड़ कर कांग्रेस मे आए तो पार्टी ने उनको कई बार मंत्री बनाया और विधान परिषद में भी भेजा।पंजाब के मुख्यमंत्री रहे कैप्टेन अमरिंदर सिंह भी कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में चले गए हैं। इस सदी के 24 बरसों में कांग्रेस को दो बार पंजाब में सरकार बनाने का मौका मिला और दोनों बार कांग्रेस ने अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री बनाया। पहली बार वे पूरे पांच साल रहे। उसके 10 साल बाद फिर कांग्रेस को मौका मिला तो वे सीएम बने और चार साल से ज्यादा समय तक रहे। लेकिन सीएम से हटाने के बाद ही वे पार्टी से अलग हो गए और फिर भाजपा में चले गए। इसी तरह कांग्रेस को दशकों बाद जम्मू कश्मीर में अपना मुख्यमंत्री बनाने का मौका मिला तो उसने गुलाम नबी आजाद को सीएम बनाया। वे अनेक बार केंद्र में मंत्री रहे। जहां तहां से राज्यसभा और लोकसभा लेकर संसद में पहुंचते रहे। पार्टी के बड़े पदाधिकारी रहे लेकिन कांग्रेस के कमजोर होते ही पाला बदल लिया। राहुल गांधी और पूरे नेतृत्व पर तरह तरह के आरोप लगाते हुए कांग्रेस छोड़ गए।कांग्रेस ने जिन नेताओं को मुख्यमंत्री और केंद्र में मंत्री बना कर हमेशा बड़े पद दिए उनमें एक एसएम कृष्णा भी हैं। वे कर्नाटक के मुख्यमंत्री रहे और केंद्र में विदेश मंत्री भी रहे। लेकिन कांग्रेस कमजोर हुआ तो वे भी बुढ़ापे में भाजपा में चले गए। विजय बहुगुणा को तो कांग्रेस ने सिर्फ इस आधार पर उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बनाया था कि वे हेमवती नंदन बहुगुणा के बेटे थे और कोई जमीनी आधार नहीं रखते थे। लेकिन बाद वे भी पूरे परिवार के साथ भाजपा में चले गए। वाईएसआर रेड्डी जैसे दिग्गज के निधन के बाद कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में जो प्रयोग किए उसमें एक प्रयोग किरण रेड्डी को सीएम बनाने का भी था। लेकिन वे भी बाद में पार्टी छोड़ गए।

# माँ काली के उपासक थे रामकृष्ण परमहंस



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

19 वीं शताब्दी में धार्मिक क्षेत्र में श्री रामकृष्ण परमहंस सबसे उंचे स्थान पर विराजमान थे। वह एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातो को सामान्य लोगो के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्म में एक नयी उम्मीद जगाई। श्रीरामकृष्ण परमहंस के पास में अद्भुत शक्तिया थी। कहा जाता है की श्री रामकृष्ण परमहंस भगवान विष्णु के अवतार थे। उन्होंने सभी धर्मो को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था सभी धर्मो का आधार प्रेम हैं। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं।
इनका जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी- देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हे कंठस्थ याद हो गई थी।
1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदिक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करे। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था।
अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस लुहारिन से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नही थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है।
रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हे अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष मे पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रुप में आराधना की। यही शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं।
रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होने उन्हे अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्व मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हे कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये।
रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था। तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधी थी जो तीन दिन चली। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधी टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्षो से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधी मुझे कभी नही लगी। रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उसे अपना गुरु मान लेते थे। इनके प्रमुख शिष्यों में स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। श्री रामकृष्ण के जीवन के अन्तिम वर्ष कारुण रस से भरे थे। 15 अगस्त 1886 को अपने भक्तों और स्नेहितों को दुख के सागर में डुबाकर वे इस लोक में महाप्रयाण कर गये।
रामकृष्ण परमहंस महान योगी, उच्चकोटि के साधक व विचारक थे। सेवा पथ को ईश्वरीय, प्रशस्त मानकर अनेकता में एकता का दर्शन करते थे। सेवा से समाज की सुरक्षा चाहते थे। रामकृष्ण का सारा जीवन अध्यात्म-साधना के प्रयोगों में बीता। वे लगातार कई घंटों तक समाधि में लीन हो जाते थे। चैबीस घंटे में बीस-बीस घंटों तक वे उनसे मिलनेवाले लोगों का दुख-दर्द सुनते और उसका समाधान भी बताते। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है। रामकृष्ण परमहंस मुख्यतः आध्यात्मिक आंदोलन के प्रणेता थे। जिन्होंने देश में राष्ट्रवाद की भावना को आगे बढ़ाया। उनकी शिक्षा जातिवाद एवं धार्मिक पक्षपात को नकारती हैं।
विभिन्न धर्मों के माध्यम से रामकृष्ण के रहस्यमय अनुभवों ने उन्हें यह सिखाने के लिए प्रेरित किया कि विभिन्न धर्म पूर्ण ज्ञान और आनंद तक पहुँचने के अलग-अलग साधन हैं और विभिन्न धर्म पूर्ण सत्य की समग्रता को व्यक्त नहीं कर सकते हैं लेकिन इसके पहलुओं को व्यक्त कर सकते हैं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये उनके परम् शिष्य स्वामी विवेकानन्द ने एक मई 1897 को बेलुड़ में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। इस मिशन की स्थापना के केंद्र में वेदान्त दर्शन का प्रचार-प्रसार है। रामकृष्ण मिशन के उद्देश्य मानवता के सर्वांगीण कल्याण के लिए काम करना, विशेष रूप से गरीबों और दलितों के उत्थान के लिए।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# नौंनिहालों की मूल शिक्षा से प्रस्फुटित राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद



संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी
रायपुर छत्तीसगढ़

राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता है। राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है। स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे।
वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है। इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है। वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।
आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है। आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं। यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं। किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढ़ियो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय ,बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है।वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण ,अनुशासन ,उत्कृष्ट नवाचार ,लोकतांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण मानवता ,पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उत्कर्ष को सही दिशा देने का काम करेंगे। जिससे राष्ट्रीय चरित्र निर्माण तथा राष्ट्रीयता की भावना को एक मजबूत आधार प्राप्त हो सकेगा।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## वो

वो जब आते हैं,ख्वाबों में,खयालों में,
क्यों,लूट ले जाते हैं,दिल का चैनों अमन,
और,हम खो जातें हैं,मय के प्यालों में,
वो,जब मिल के बिछुड़ जातें है,
तो यूं लगता है,जैसे सूखे हुए फूल,
मिलते हैं अब किताबों में,
वो,जब मिलते हैं,यादों की मुलाकातों में,
तो,यूं लगता है जैसे,मनभाती कोयल
गा,रही हो सावन में।



डॉक्टर जय महलवाल
प्रोफेसर कॉलोनी
बिलासपुर
हिमाचल प्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मिट्टी के रंग

उठाए हल किसान ने तो जमीन
उपजाऊ हो गई
फसल उगाकर लोगों की भूख मिटा दी
बचपन बीता जवानी आई
इतिहास बदला नया सबेरा हुआ
युग बदला नई युग हुआ
पगडंडी रास्ते सड़क बन गए
हल चलाते चलाते किसान
मशीन कल कारखाने तक जा पहुंचा
न बदल सका अपनी किस्मत
अपने पराए हुए पराए अपने बने
गुजर गया अंधेरा बदल गई तस्वीरें
नदी की प्रवाह बदली और बदली लहरें
उम्मीदों से विश्वास टूटा
टूटी सितार की तारें
उमंग उत्साह के भी दिन देखे
सरकारें बदली मौसम बदला
वायदे और कायदे के दिन भी बदले
महंगाई आई बंद बोतल में पानी भी बिका
गरीब जहां था वहीं अभी भी है खड़ा
गांव बदला शहर बदला
मेरी नजर की चश्में का नंबर भी
कुछ न बदला तो सिर्फ मिट्टी के रंग



लक्ष्मी नारायण लहरे
साहिल
कोसीर
सारंगढ़
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# दिल्ली में सजा एशिया का सबसे बड़ा पुस्तक मेला

## पुस्तकों के प्रति रूचि बढ़ाता विश्व पुस्तक मेला



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़,
नई दिल्ली

नई दिल्ली में प्रतिवर्ष नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) द्वारा एक विशेष थीम के साथ एशिया के सबसे बड़े विश्व पुस्तक मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 10 से 18 फरवरी के बीच 'बहुभाषी भारत- एक जीवंत परम्परा' थीम के साथ पुस्तक प्रेमियों के लिए दिल्ली के प्रगति मैदान में कुल 9 दिनों तक 51वें विश्व पुस्तक मेले का आयोजन हो रहा है, जिसके माध्यम से भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और भाषाई विविधता को परिलक्षित किया जा रहा है। पुस्तक मेले में बच्चों की भाषा सीखने के कौशल को बढ़ावा देने के लिए भी विभिन्न भाषाओं में कई तरह की पुस्तकें शामिल की गई हैं। विश्व पुस्तक मेले का अतिथि देश इस बार सऊदी अरब है। इसके अलावा यूके, फ्रांस, स्पेन, तुर्किये, इटली, रूस, ताइवान, ईरान, यूएई, ऑस्ट्रिया, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल सहित कई अन्य देश भी पुस्तक मेले में हिस्सा ले रहे हैं। पुस्तक मेले में हिन्दी, अंग्रेजी सहित कुल 22 भारतीय भाषाओं के अलावा कई विदेशी भाषाओं के साहित्य का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। मेले में सऊदी अरब सहित अन्य विदेशी साहित्य को अलग से स्थान दिया गया है। एनबीटी के मुताबिक 'नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला' (एनडीडब्ल्यूबीएफ) प्रकाशन जगत का एक प्रमुख कैलेंडर कार्यक्रम है, जो पिछले 50 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है और इस वर्ष एनडीडब्ल्यूबीएफ के 51 साल पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा है। पिछले साल नई दिल्ली में भव्य विश्व पुस्तक मेला नई दिल्ली में 25 फरवरी से 5 मार्च तक कुल 9 दिन तक आयोजित किया गया था।
विश्व पुस्तक मेला पुस्तकों और साहित्य का सबसे बड़ा उत्सव है, जिसका इंतजार केवल राजधानी दिल्ली के ही नहीं बल्कि देशभर के साहित्यकार और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग करते हैं। इसमें न केवल भारत के बल्कि दुनियाभर के प्रकाशक, लेखक और पाठक हिस्सा लेते हैं। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा पहली बार 1972 में 18 मार्च से 4 अप्रैल तक 'विश्व पुस्तक मेला' दिल्ली के जनपथ रोड पर विंडसर प्लेस में आयोजित किया गया था, जिसमें दो सौ प्रकाशकों ने भाग लिया था और उसका उद्घाटन तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरी ने किया था। शुरुआत में पुस्तक मेले में 4-5 देश ही शामिल होते



थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 30 से भी ज्यादा हो गई है। 1972 से 2012 तक पुस्तक मेले का आयोजन बाइनियल ईयर (सम संख्या का वर्ष) में किया जाता था, उसके बाद से इसका आयोजन प्रतिवर्ष होता है। विश्व पुस्तक मेले का इस साल 51 वर्षों का सफर पूरा हो रहा है।
देश में बच्चों के ऐसे भविष्य की परिकल्पना करते हुए, जहां बच्चे पुस्तकें पढ़ने तथा पुस्तक खरीदने के माहौल में बड़े हों और पुस्तक-पठन संस्कृति को फैलाने के उद्देश्य से 1 अगस्त 1957 को शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की स्थापना की गई थी। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास समाज के सभी आयु वर्ग के लिए सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में पुस्तकों के प्रचार और प्रकाशन में सक्रिय रहा है। हालांकि आधुनिकता के दौर में बच्चों के साथ-साथ बड़ों का लगाव भी पुस्तकों के प्रति कम हो गया है किन्तु बुद्धिजीवियों का स्पष्ट मानना है कि हर समय यह संभव नहीं कि पुस्तकों के स्थान पर मोबाइल या लैपटॉप आदि से पढ़ा जाए। पुस्तकों की महत्ता और इनसे अर्जित ज्ञान के संबंध में सदैव कहा जाता रहा है कि ज्ञान कभी बेकार नहीं होता और पुस्तकें विभिन्न संस्कृतियों, पहचानों और भाषाओं के माध्यम से अपनी विशिष्टताओं को प्रकट करते हुए एक कहानी और एक सामान्य विरासत के आसपास लोगों को एक साथ लाती हैं। साहित्य में नोबेल पुरस्कार विजेता अमेरिकन उपन्यासकार तथा कहानीकार अर्नेष्ट हेमिंग्वे ने कहा था कि एक पुस्तक से ईमानदार मित्र कोई नहीं होता। आज के युग में समयाभाव का रोना रोते हुए हम भले ही त्वरित जानकारियों के लिए सोशल मीडिया या अन्य संचार स्रोतों पर आश्रित हो जाएं लेकिन सत्य यही है कि ज्ञान, मनोरंजन और अनुभव की बातें कहती पुस्तकों की महत्ता कभी कम नहीं हो सकती और न ही कभी पुस्तकों का अस्तित्व मिट सकता है।
बहरहाल, पुस्तक मेले के माध्यम से बच्चों के अलावा मेले में मौजूद अन्य लोगों को भी पुस्तकों के सकारात्मक प्रभाव से जोड़ने की पहल सराहनीय है। विश्व पुस्तक मेले के आयोजन में इस बार बच्चों को विशेष रूप से केन्द्र में रखा गया है ताकि उनका जुड़ाव अच्छी पुस्तकों से ज्यादा से ज्यादा हो और वे अपने जीवन में मित्र के रूप में पुस्तक पढ़ने को स्वीकारें। कुल मिलाकर देखा जाए तो पुस्तकें हर समय साथ निभाती हैं और वास्तविक संतुष्टि पुस्तकें पढ़ने से ही मिलती है। अच्छी पुस्तकें बच्चों और युवा पीढ़ी को ज्ञानवान, संस्कारित और चरित्रवान बनाने में तो बहुत बड़ी भूमिका निभाती हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं कि जिन लोगों की दिलचस्पी पुस्तकों में होती है, वे पुस्तक पढ़े बिना संतुष्ट नहीं होते, फिर भले ही उस पुस्तक में वर्णित बातें विभिन्न संचार माध्यमों से वे पहले ही जान चुके हों। ऐसे में लोगों की पुस्तकों के प्रति रूचि बनाए रखने में विश्व पुस्तक मेला जैसे आयोजन सार्थक भूमिका रहे हैं।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# बुनियादी पढ़ने और गणित करने की क्षमताएँ; दैनिक गणनाएँ और निर्देश समझने जैसे रोजमर्रा के कार्यों के लिए होती है महत्वपूर्ण



-श्याम कुमार कोलारे
रायपुर,
छत्तीसगढ़

जीवन में दैनिक कार्यों के लिए बुनियादी पढ़ने और गणित करने की क्षमताएँ व्यक्ति को अनेक तरह से प्रभावित करती हैं, विशेषकर दैनिक गणनाएँ और निर्देश समझने में। जो व्यक्ति अपनी पढ़ने की जितनी अच्छी समझ बनाता है वह अपने दैनिक सामाजिक और आर्थिक मुद्दों को उतनी ही अच्छी समझने विकसित करते है द्य जिससे उसका सामाजिक और आर्थिक जीवन में सुधार होता है। इसके साथ ही गणित क्षमताएँ व्यक्ति को सही और गलत की समझ बढ़ाती है। बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान युवाओं एवं बच्चों की की विचारशीलता बढ़ाती है, जिससे वह समस्याओं का सही समाधान निकालने में सक्षम होता है। गणित क्षमताएँ व्यक्ति को अध्ययन, विज्ञान, और तकनीकी क्षेत्रों में अग्रणी बनाने में सहायक होती हैं, जिससे उसका करियर विकसित होता है। बुनियादी गणना क्षमताएँ युवाओं को दैनिक जीवन में संख्यात्मक कार्यों को सरलता से करने में मदद करती हैं, जैसे कि बजट बनाना, खरीदारी करना, योजनाएं बनाना, आदि। युवाओं के बुनियादी भाषा एवं संख्यात्मक क्षमता के असर को समझने के लिए प्रथम संस्था द्वारा जनवरी 2024 माह में जारी एनुअल स्टेटस ऑफ़ एजुकेशन रिपोर्ट असर 2023 बियॉन्ड बेसिक्स ग्रामीण भारत में 14 से 18 वर्ष के युवाओं पर ध्यान केंद्रित करता है। असर 2023 बियॉन्ड बेसिक्स सर्वेक्षण 26 राज्यों के 28 जिलों में किया गया। यह 14-18 आयु वर्ग के कुल 34,745 युवाओं तक पहुँचा। प्रत्येक राज्य में एक ग्रामीण ज़िले का सर्वेक्षण किया गया, और उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में दो ग्रामीण ज़िलों का सर्वेक्षण किया गया।
14-18 आयुवर्ग के युवाओं में बुनियादी क्षमताएँ के डाटा के अनुसार इस आयुवर्ग के सभी युवाओं में से लगभग 25 फीसदी युवा अब तक अपनी क्षेत्रीय भाषा में कक्षा-2 स्तर का पाठ नहीं पढ़ सकते हैं। आधे से ज़्यादा युवा भाग 3-अंक से 1-अंक का सवाल नहीं कर पाते हैं। सिर्फ 43.3 फीसदी युवा यह सवाल सही कर पाए। यह क्षमता कक्षा 3 या 4 में अपेक्षित की जाती है। आधे से अधिक युवा अंग्रेजी में वाक्य पढ़ सकते हैं 57.3 फीसदी। इनमें से, लगभग तीन-चौथाई युवा ही उनका अर्थ बता सकते हैं 73.5 फीसदी। सभी नामांकन स्थितियों में, लड़कों 70.9 फीसदी के मुकाबले ज़्यादा लड़कियाँ 76 फीसदी अपनी भाषा में कक्षा-2 स्तर का पाठ



पढ़ सकती हैं। इसके विपरीत, गणित और अंग्रेजी में लड़के लड़कियों से बेहतर प्रदर्शन करते हैं। दैनिक गणनाएँ में सभी लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसे कई दैनिक कार्य करने में सक्षम हों, जिनमें बुनियादी गणित करने की क्षमता की आवश्यकता होती है। युवाओं के दैनिक जीवन से संबंधित ऐसे विभिन्न कार्यों को असर 2023 में शामिल किया गया। लगभग 85 फीसदी से अधिक सर्वेक्षित युवा स्केल का प्रयागे करके तब लंबाई माप सकते हैं जब उसे 0 ष्द्व से शरू किया जाए। परंतु शुरुआती बिंदु बदलने पर यह अनुपात तेज़ी से गिरकर 39 फीसदी हो जाता है। लगभग 50 फीसदी युवा अन्य दैनिक गणनाएँ कर सकते हैं।
इस रिपोर्ट के अनुसार युवाओं को ओआरएस पैकेट पर दिए गए निर्देश पर आधारित कुछ प्रश्न पूछे गए थे। यह कार्य केवल उन युवाओं को दिया गया जो असर पढ़ने की जाँच में कम से कम कक्षा-1 स्तर का पाठ पढ़ सके। उन युवाओं में से जो कम से कम कक्षा-1 स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं, लगभग दो-तिहाई युवा पैकेट के आधार पर 4 में से कम से कम 3 प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। जो युवा असर गणित की जाँच में कम से कम घटाव कर सके, उन्हें कुछ आम-तौर पर की जाने वाली वित्तीय गणनाओं पर कार्य दिए गए। जो युवा असर गणित की जाँच में कम से कम घटाव कर सके, उनमें से लगभग 60 फीसदी युवा बजट का प्रबंधन और लगभग 37 फीसदी युवा छूट की गणना कर सकते हैं। लेकिन केवल 10 फीसदी ही ऋष्टा भुगतान की गणना कर सकते हैं। 'क्षमता' डोमेन का डाटा बताता है कि बुनियादी पढ़ने और गणित करने की क्षमताएँ दैनिक गणनाएँ और निर्देश समझने जैसे रोजमर्रा के कार्यों को करने में मदद करती हैं। हालाँकि, लगभग सभी कार्यों में लड़कों का प्रदर्शन लड़कियों की तुलना में बेहतर था। भोपाल में 14-18 आयु वर्ग के सभी युवाओं में से, 68.8 फीसदी असर पढ़ने की जाँच में कम से कम कक्षा-1द्व स्तर का पाठ पढ़ पाए, 38.1 फीसदी असर गणित की जाँच में कम से कम भाग कर पाए और 50.4 फीसदी असर अंग्रेजी की जाँच में कम से कम वाक्य पढ़ पाए। दैनिक गणनाओं के कार्य में 37.4 फीसदी युवा समय गणना, 51.2 फीसदी युवा वजन जोड़ना, और 46 फीसदी युवा ऐकिक नियम लागू कर सके। जो युवा कम से कम कक्षा-1 स्तर का पाठ असर पढ़ने की जाँच पढ़ सके, 57.5 फीसदी दवा के पैकेट को पढ़कर उसके बारे में 4 में से कम से कम 3 प्रश्नों का उत्तर दे पाए। जो कम से कम घटाव असर गणित की जाँच कर पाए, उनमें से 50.2 फीसदी बजट प्रबंधन का कार्य कर सके, 31.7 फीसदी छूट की गणना कर सके और 6.2 फीसदी ऋष्टा भुगतान की गणना कर सके। अधिकांश कार्यों में, लड़कों ने लड़कियों से बेहतर प्रदर्शन किया। जबलपुर में 14-18 आयु वर्ग के सभी युवाओं में से, 68 फीसदी असर पढ़ने की जाँच में कम से कम कक्षा-1द्व स्तर का पाठ पढ़ पाए, 36.2 फीसदी असर गणित की जाँच में कम से कम भाग कर पाए और 35.4 फीसदी असर अंग्रेजी की जाँच में कम से कम वाक्य पढ़ पाए। दैनिक गणनाओं के कार्य में 31.5 फीसदी युवा समय गणना, 39.4 फीसदी युवा वजन जोड़ना, और 43 फीसदी युवा ऐकिक नियम लागू कर सके।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# यातायात नियमों के जागरुकता हेतु लगातार चलाए जाएंगे जागरूकता शिविर : आईजी

» सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत जागरुकता अभियान में प्रशंसनीय कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा पिछ्ले माह से शुरू किए गए सड्क़ सुरक्षा माह का समापन शनिवार को पीजी कॉलेज के सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजी अंकित गर्ग, एसपी विजय अग्रवाल रहे। इस दौरान माह भर सरगुजा पुलिस द्वारा आमनागरिकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरुकता लाने के लिए किए गए प्रयासों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

इस दौरान आईजी ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन कराना पुलिस का कर्तव्य है, लेकिन पुलिस के साथ-साथ आम नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है,सिर्फ चालानी कार्रवाई करने से यातायात व्यवस्था नहीं सुधरेगी। आमनागरिकों को ये ध्यान रखना होगा कि परिवार के सदस्य गलती ना दोहराय। आईजी ने विश्वास दिलाया कि यातायात नियमों के जागरुकता हेतु लगातार जागरूकता शिविर चलाएंगे। यतयात नियमों का पालन करेंगे एवं यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर सख्ती के साथ कार्रवाई करेंगे एवं समय के साथ नागरिकों को जागरुक होने की आवश्यकता है। एसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि सरगुजा पुलिस द्वारा सडक़ सुरक्षा माह अंतर्गत अभियान चलाकर 15 जनवरी से 15 फरवरी तक कई जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जिससे क्षेत्र में रहने वाले आम नागरिक, छात्र-छात्राएं, ऑटो, बस चालकों परिचालकों सहित काफी संख्या में लोगों को इसका लाभ प्राप्त हुआ है। यातायात के नियमों की अवहेलना कर वाहन चलाने वाला व्यक्ति अपने एवं अपनी साथी के लिए खतरनाक तो होता ही हैं साथ ही सामने वाले वाहन चालकों के लिए खतरा बना रहता है। एसपी ने अपील जारी कर कहा कि सडक़ सुरक्षा के प्रति दायित्वों को सिर्फ माह तक सिमित ना रहे, पूरा जीवन इसका पालन करें। यातायात जागरुकता अभियान के तहत प्रशंसनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान संभागीय सेनानी राजेश पाण्डेय, अपर कलेक्टर सुनील नायक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश कुमार,एसडीएम फागेश सिन्हा, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक अश्वनी सिंह, ट्रैफिक शाखा प्रभारी विजय कुमार सहित छात्र-छात्राएं व अन्य लोग शामिल रहे।

# 10 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।





सरगुजा पुलिस द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब रखकर विक्रय करने के मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में 15 फरवारी को थाना उदयपुर पुलिस टीम को मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम लक्ष्मणगढ़ निवासी दुहन राम अपने मकान के पीछे हाथ भट्ठी का बना हुआ अवैध महुआ शराब रखकर विक्रय करने हेतु ग्राहकों की तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दुहन राम के कब्जे से 10 लीटर अवैध महुआ शराब कुल किमती लगभग 1000 रुपये बरामद किया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से पूछताछ किये जाने ओर अपना नाम दुहन राम उम्र 35 वर्ष साकिन लक्ष्मणगढ़ थाना उदयपुर का होना बताया। आरोपी से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, जो आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना उदयपुर में धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता है। कार्रवाई में थाना उदयपुर से उप निरीक्षक राकेश सिंह,सहायक उप निरीक्षक विजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक राजनाथ तिर्की शामिल रहे।

# नाबालिग वाहन चालकों पर पुलिस ने की कार्यवाही,वसूले गए 22 हजार समन शुल्क



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

ट्रैफिक नियम को लेकर सरगुजा पुलिस काफी गंभीर है। नियम को तोडऩे वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने नबालिग वाहन चालकों के खिलाफ चेकिंग अभयान चलाकर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने कुल 35 प्रकरण में कुल 22 हजार 4 सौ रुपए चलानी कार्रवाई करते हुए नाबालिग वाहन चालकों को समझाइश दी गई है।

सरगुजा पुलिस द्वारा शुक्रवार की देर शाम जगह-जगह चेकिंग अभियान चला गया। इस दौरान नबालिग वाहन चालक व शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान नबालिगों का वाहन जब्त किया गया। वहीं इनके परिजन को बुलाकर बाइक की चाबी न देने की समझाइश दी गई। अभियान के दौरान नाबालिगो एवं उनके वाहनों कों जप्त कर कड़ी समझाईश दी गई, साथ ही भारी भरकम चालानी कार्यवाही भी कि गई। इस दौरान 35 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 22 हजार 4 सौ रुपए समन शुल्क वसूली की है।

# महाविद्यालय के विदाई अनुष्ठान में छात्राओं को शिक्षित होकर एक अच्छा इन्सान बनने की गई अपील

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।




होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज अम्बिकापुर के सभागार में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सि. शांता जोसेफ के सफल निर्देशन में बीएससी भाग तीन, गणित व कंप्यूटर विज्ञान के छात्राओं का महाविद्यालय से विदाई के अनुष्ठान को संपन्न किया गया । उक्त कार्यक्रम का आगाज़ दीप प्रज्जवलित कर किया गया तत्पश्चात छात्रा निकिता द्वारा मनमोहक भक्ति नृत्य को प्रस्तुत किया गया । इसके पश्चात आलोक चक्रवर्ती, सहायक प्राध्यापक, गणित द्वारा छात्राओं के प्रति दिए गए अपने वक्तव्य में सर्वप्रथम शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने बात कही गई। उन्होंने उदाहरण सहित युवा शब्द के अर्थ को अभिव्यक्त करते हुए एक खुशहाल व विकसित राष्ट्र बनाने में छात्राओं की अहम भूमिका को प्रकाशित किया। इस क्रम में उन्होंने प्रत्येक छात्रा से शिक्षा प्राप्त कर समाज का एक अच्छा इन्सान बनने का अपील किया। जिंदगी में जिंदगी ढूंढना ही जिंदगी है। इस कथन के साथ उन्होंने अपनी वाणी को विराम दिया। इसके उपरांत सि.फूलमन्ती, सहायक प्राधापक, कंप्यूटर विज्ञान द्वारा सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना तथा प्रत्येक स्थिति में मुस्कुराते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहने की बात कही गयी। छात्राओं द्वारा उक्त विदाई अनुष्ठान का एक विषय (थीम) रखा गया व उसी अनुरूप मंच की साज-सज्जा की गई जिसने छात्रा आस्था कश्यप तथा कल्पना भगत सक्रिय रहे। इस अवसर पर कनिष्ठ छात्राओं द्वारा वरिष्ठ छात्राओं के निमित्त विविध रंगारंग कार्यक्रम को स्थापित कर अनुष्ठान में रोचकता प्रदान किया गया ।

कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन छात्रा प्रकृति गुप्ता,स्नेहा गुप्ता व तथा आभार व्यक्त छात्रा स्नेहा जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर रसायन विभाग के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ.उषा शुक्ला व ममता कश्यप तथा डॉ. प्रमोद यादव,गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक श्वेता सिंह,कंप्यूटर विज्ञान विषय की सहायक प्राध्यापक इन्दुमति तथा अन्य विभाग के शिक्षक और गणित व कंप्यूटर विज्ञान के सम्पूर्ण छात्राएं उपस्थित रहे।

# बकरा चोरी कर बेच दिए 27 हजार में मटन,दो आरोपी दुर्ग से गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



बकरा चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को दुर्ग जिले के खुर्शीपारा थाना क्षेत्र से दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने काटकर बकरा के मटन को 27 हजार में बेच दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार सुरेश गुप्ता रघुनाथपुर चौकी क्षेत्र का रहने वाला है। वह अपने घर में पिछ्ले 6 साल से एक बकरा पाल रखा था। जिसे 8 फरवरी को चोरों ने महंगी कार से आकर चोरी कर लिए थे। सुरेश गुप्ता ने मामले की रिपोर्ट रघुनाथपुर चौकी में दर्ज कराई थी। वहीं बकरे की तलाशी के लिए एएसपी से भी गुहार लगाया था। मामले में पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों के सम्बन्ध में तकनीकी जानकारी प्राप्त कर घटना में प्रयुक्त वाहन एवं आरोपियों की घेराबंदी कर पकडक़र पूछताछ किया गया जो आरोपियों द्वारा अपना नाम अमीर हुसैन उम्र 30 वर्ष साकिन खुर्शीपारा उडिय़ापारा थाना खुर्शीपारा जिला दुर्ग, राजा उम्र 24 वर्ष साकिन आजाद चौक थाना सिटी कोतवाली जिला दुर्ग का होना बताया। आरोपियों से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ किये जाने पर वरना कार मे ब्रेड टोस्ट रखकर 1 बकरा चोरी करना स्वीकार किये, चोरी किये गए बकरे को अपने मटन दुकान में ले जाकर काट कर 27 हजार रुपये में बेच दिया। आरोपियों के कब्जे से 11 सौ रुपये नगद जब्त किया गया है। आरोपियों द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किये जाने पर अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया गया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन वरना कार जब्त किया गया है। आरोपीगण घूम-घूम कर चोरी की वारदात करते हैं, और आरोपी आमिर हुसैन आदतन अपराधी किस्म का हैं, पूर्व मे गोंदिया महाराष्ट्र में चोरी के प्रकरण मे चालान हो चुका हैं। कार्रवाई प्रधान आरक्षक संत कुमार चौहान,गणेश कदम्ब, आरक्षक रविन्द्र निकुंज जितेश साहू शामिल रहे।

# जिले में तैनात पुलिस अधिकारी,कर्मचारियों को लगाना होगा हेलमेट व सीट बेल्ट


:: कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सरगुजा (छ0ग0)::
//आदेश//

जिला सरगुजा मे पदस्थ पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण अपनी दो-पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहने एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट-बेल्ट का उपयोग करें। उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने पर यातायात नियमों के अधीन चालानी कार्यवाही की जावेगी साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जावेगा। समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण निर्देशों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

(विजय अग्रवाल)
पुलिस अधीक्षक सरगुजा

क्रमांक पुअ/सर/स्टेनो/ 196 /2024 दिनांक 17.02.2024
प्रतिलिपि :-
1. समस्त राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) जिला सरगुजा को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
2. रक्षित निरीक्षक र0के0 अंबिकापुर को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
3. समस्त थाना/चौकी प्रभारी जिला सरगुजा को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
4. यातायात प्रभारी जिला सरगुजा को आवश्यक कार्यवाही एवं पालनार्थ।
नोट :- र0नि0, थाना/चौकी प्रभारी, यातायात प्रभारी प्रातः एवं रात्रि गणना में आगामी एक सप्ताह तक सभी अधिकारी/कर्मचारियों को नोट करावें।

(विजय अग्रवाल)
पुलिस अधीक्षक सरगुजा

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

एसपी ने एक आदेश जारी कर जिले में तैनात पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने के निर्देश देते हुए कहा है कि इसकी अवहेलना करने वालों पर नियमानुसार चालानी कार्यवाही करने के साथ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। एसपी विजय अग्रवाल 2012 बैच के आईपीएस हैं। उन्होंने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि नशा व सोशल मीडिया का लगातार उपयोग करना अपराध का जनक बनता जा रहा है। इसके गिरफ्त में बहुत तेजी से नबालिग आ रहे हैं। जिले में बेसिक पुलिसिंग के माध्यम से चुस्त दुरुस्त व्यवस्था बनाने एवं त्वरित कार्रवाई से आम नागरिकों का विश्वास हासिल करने की बात कही है। उन्होंने जिले में लगातार हो रही चोरी के संबंध में कहा कि चोरी तभी रूकेगा जब चोर या तो जेल में हो या पुलिस की पेट्रोलिंग टाइट हो। उन्होंने शहर के ट्रैफिक के बारे में बताया कि बड़े शहरों की तरह यहां भी ट्रैफिक इंजीनियरिंग की जरूरत है। जिस तरह शहर बढ़ रहा है उसी तरह सुरक्षा क्षमता भी बढऩा जरूरी है।



## टीआरडी का सफल ऑपरेशन पर भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने डॉक्टरों को जताया आभार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2024 (घटती-घटना)। पहली बार मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में टीआरडी का सफल ऑपरेशन किया गया। डॉक्टर एसपी कुजूर के नेतृत्व में पूरी टीम ने मेहनत करके ऑपरेशन को सफल बनाया। इस संबंध में भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने डॉक्टर व उनकी पूरी टीम को बधाई दिया और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा सरगुजा के महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, पूर्व पार्षद वीरेंद्र बघेल, पूर्व पार्षद कृष्ण कुमार शर्मा, प्रयागराज साहू, सुरेश मलिक, सर्वेश तिवारी उपस्थित रहे।

# सब स्टेशन सीतापुर में बढ़ाई गई विद्युत वितरण क्षमता, 45 गांव के लगभग 9000 से अधिक उपभोक्ता होंगे लाभान्वित





- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री अधोसंरचना विद्युतीकरण योजना के तहत बीते शुक्रवार को विद्युत वितरण केंद्र सीतापुर अंतर्गत 33/11 केवी सब स्टेशन सीतापुर में 3.15 एमवीए लगे पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 5.00 एमवीए की गई है, जिसकी कुल लागत 60.00 लाख रुपए है। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को भविष्य में लो वोल्टेज एवं ओवर लोड की समस्या से निजात मिलेगी तथा पॉवर ट्रांसफॉर्मर 5.00 एमवीए की क्षमता बढ़ जाने से सीतापुर वितरण केन्द्र के 45 गांव के लगभग 9000 से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

आर नागवंशी कार्यपालन यंत्री (स/स) संभाग अंबिकापुर, श्री पी.के. साहू कार्यपालन यंत्री (परियोजना) अंबिकापुर, एस. प्रजापति कार्यपालन अभियंता (एसटीएम) अंबिकापुर, अमित टोप्पो सहायक अभियंता, महेंद्र साहू सहायक अभियंता (परियोजना), एल.के. नामदेव सहायक अभियंता (उपसंभाग) सीतापुर, नीरज कुजूर कनिष्ठ अभियंता (वितरण) सीतापुर व अन्य लाइन कर्मचारियों की उपस्थिति एवं सहयोग से उपभोक्ताओं की मदद के लिए सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

» प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार तय समय-सीमा में निराकरण के निर्देश

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



शासन के निर्देशानुसार राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देश पर आमजनों से प्राप्त आवेदनों का अधिकारियों ने अवलोकन करते हुए नियमानुसार तत्काल निराकरण किया। जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें फौती नामांतरण के 17 आवेदन, जमीन बटवारा के 4 आवेदन, सीमांकन का 1 आवेदन, किसान किताब 3 आवेदन, जाति प्रमाण पत्र का 1 आवेदन, निवास प्रमाण पत्र का 1 आवेदन, अन्य राजस्व संबंधी 24 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 8 आवेदन का तत्काल निराकरण किया गया। 23 आवेदन के कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। वहीं शेष 20 आवेदनों पर कार्यवाही शीघ्र शुरू की जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर और तहसील स्तर पर शिविर किए जा चुके हैं। 17 फरवरी को जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व), तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# हूती विद्रोहियों ने किया ब्रिटिश तेल टैंकर पर हमला, कच्चा तेल लेकर भारत के रास्ते पर था जहाज



नई दिल्ली,17 फरवरी 2024। यमन स्थित सशस्त्र विद्रोहियों के एक समूह हूती ने एक बार फिर एक ब्रिटिश तेल टैंकर पर हमला किया है। यह समूह गाजा में हमास के खिलाफ इजरायल के युद्ध के बीच ऐसे कई हमले कर चुका है।एक बार फिर इसने एक ब्रिटिश तेल टैंकर पर हमले की जिम्मेदारी ली है। अल जजीरा के अनुसार यह एक मिसाइल हमला था।

संयुक्त राज्य अमेरिका के अनुसार पनामा के झंडे वाला यह टैंकर कच्चा तेल लेकर भारत जा रहा था। जिस पर लाल सागर में मिसाइलों से हमला किया गया। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, समूह के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने शनिवार को एक टेलीविजन बयान में कहा कि लाल सागर में पोलक्स टैंकर को निशाना बनाने के लिए बड़ी संख्या में उपयुक्त नौसैनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया।

उन्होंने कहा, यमनी सशस्त्र बल यमन की रक्षा में और फिलिस्तीनी लोगों के साथ निरंतर व्यावहारिक एकजुटता की पुष्टि में अपने सैन्य अभियानों को लागू करने और विस्तार करने में संकोच नहीं करेंगे। बयान में टैंकर को हुए नुकसान का खुलासा नहीं किया गया है।

यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने शुक्रवार देर रात इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सना के दक्षिण-पश्चिम में एक बंदरगाह शहर अल-मुखा के उत्तर-पश्चिम में लगभग 70 समुद्री मील की दूरी पर पोलक्स पर एक हमला हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, जहाज ने मिसाइल हमले के करीब एक विस्फोट की सूचना दी, लेकिन चालक दल और टैंकर को सुरक्षित माना गया, और सैन्य अधिकारी जवाब दे रहे थे। लाल सागर व्यापार मार्गों पर हूती हमले नवंबर के मध्य में शुरू हुए। यह समूह गाज पर इस्राइल के हमले का विरोध कर रहा है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने एक बयान में कहा, 15 फरवरी को शाम करीब साढ़े चार बजे यमन के हूती नियंत्रित इलाकों से अदन की खाड़ी में एक एंटी शिप बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। मिसाइल एमवी लाइकाविटोस की ओर बढ़ रही थी, जो बारबाडोस के झंडे वाला, ब्रिटेन के स्वामित्व वाला जहाज है। हालांकि जहाज ने हमले में कोई बड़ा नुकसान नहीं होने की सूचना दी है। जहाज के अनुसार हमले में बहुत मामूली क्षति हुई और इस अपनी यात्रा जारी रखी।

इसके अतिरिक्त, दोपहर 3:10 बजे से रात 8 बजे (सना के समयानुसार) के बीच, सेंटकॉम बलों ने यमन के हूती-नियंत्रित क्षेत्रों में तीन मोबाइल एंटी-शिप क्रूज मिसाइलों (एएससीएम) के खिलाफ दो आत्मरक्षा हमले किए। ये एएससीएम लाल सागर में जहाजों के खिलाफ लॉन्च करने के लिए तैनात किए गए थे।

# नामांतरण,बंटवारा,सीमांकन एवं ऋण पुस्तिका से संबंधित आवेदन लेकर आवेदक पहुंचे मंगल भवन





- संवाददाता -
सूरजपुर,17 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

मंगल भवन में आयोजित जिला स्तरीय (राजस्व) जल समस्या निवारण शिविर में आज प्रातः 10;00 बजे से ही जिले के नागरिक राजस्व संबंधी मामलों जैसे नामांतरण,बंटवारा, सीमांकन एवं ऋष्ण पुस्तिका से संबंधित आवेदन लिए अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस अवसर पर प्रशासन का राजस्व अमला भी आए हुए आवेदकों के समस्याओं के समाधान कारक निवारण के लिए लगा हुआ था। जिसमें कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देशानुसार प्रत्येक आवेदन का बारीकी से अवलोकन संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया गया। आवेदनों के वांछित दस्तावेजों के संबंध में जानकारी भी मुहैया कराई जा रही थी ताकि पूर्ण दस्तावेज के माध्यम से आवेदन का सफल निराकरण किया जा सके। शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का समाधान कारक निराकरण समयबद्ध हो इसके लिए कलेक्टर ने राजस्व अमले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है।

**» मंगल भवन में आयोजित हुआ जिला स्तरीय (राजस्व) जन समस्या निवारण शिविर**

# शासकीय माध्यमिक शाला कौशलपुर में पालक-बालक सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न





- संवाददाता -
सूरजपुर, 17 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

विकासखंड रामानुजनगर के अंग्रेजी माध्यम (सीबीएसई) शासकीय माध्यमिक शाला कौशलपुर में पालक-बालक सम्मेलन के साथ ''न्योता भोजन'' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयप्रकाश उपाध्याय, कार्यक्रम के अध्यक्ष कामता प्रसाद प्रजापति संकुल प्राचार्य कौशलपुर एवं विशिष्ट अतिथि सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू थे। बच्चों की कम उपस्थिति को देखते हुए विद्यालय ने पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया।

अतिथियों ने पालकों को पुष्प देकर सम्मानित किया तथा उनके बच्चों के अध्ययन के स्तर का फीडबैक दिया गया। लगातार अनुपस्थित होने वाले छात्रों के पालकों से उनकी उपस्थिति बताई गई तथा स्कूल भेजने का आग्रह किया गया। जय प्रकाश ने कहा कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजें और शासन के सभी योजनाओं का लाभ लें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संकुल प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय द्वारा बहुत सुंदर आयोजन किया गया है। सभी अभिभावक अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय में भेजें ताकि वे गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त कर सकें। विशिष्ट अतिथि ने सभी पालकों से आग्रह किया कि आप अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें क्योंकि आपका बच्चा आपके सहयोग के बिना शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकता, स्कूल भेजने में माताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संकुल समन्वयक विनय चौरसिया ने अपने संकुल के विद्यालय की स्थिति, छात्र उपस्थिति तथा संकुल में किए जा रहे प्रयास की जानकारी दिया। पालकों ने भी शिक्षा के महत्व को शेयर किया।

न्योता भोजन का आयोजन एसएमसी अध्यक्ष ने किया -

आज से शुरू हो रहे छात्रों के पोषण से संबंधित छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना ''न्योता भोजन योजना'' जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले में शुरू हुई है। इसी क्रम में माध्यमिक शाला कौशलपुर के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हीरालाल राजवाडे ने अपने पुत्री स्वासी राजवाडे के जन्मदिवस पर विद्यालय के छात्रों को फल एवं मीठा खीर प्रदान किया। अध्यक्ष, मुख्यअतिथि, अधिकारियों, पालकों एवं छात्रों के साथ भोजन किया गया। न्योता भोजन प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से संबंधित है इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को पोषण युक्त भोजन एवं विद्यालय से साथ समुदाय का आत्मीय संबंध बनाना है। इसके तहत समुदाय, पालक जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी, शिक्षक अपने जन्मदिन, परिवार के सदस्यों के जन्मदिन, विवाह दिन या महत्वपूर्ण दिवसों पर बच्चों के साथ न्योता भोजन का आयोजन अपने निकट के विद्यालय में कर सकते हैं। प्रधान पाठक ओंकारनाथ राजवाडे, शिक्षक जाकिर हुसैन, शिवनारायण रजवाडे,अंकुर गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।

### माध्यमिक शाला कैलाशपुर संकुल केंद्र नारायणपुर में भी न्योता भोजन

संकुल केंद्र नारायणपुर के माध्यमिक शाला कैलाशपुर में भी न्योता भोजन का आयोजन किया गया। विद्यालय की शिक्षक श्रीकांत पांडे ने अपने माता- पिता श्री शशि भूषण पांडे/ सविता पांडे के विवाह के वर्षगांठ पर छात्रों के साथ न्योता भोजन कराया फल, सेवई के साथ मध्यान्ह भोजन जनपद सदस्य श्रीमती जगपति साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू, संकुल प्राचार्य शत्रुघ्न मिश्रा, एमसी के अध्यक्ष अनिल निर्मलकर, प्रधान खिलानंद सिंह, शिक्षक जुगेश साहू, मधुमिता सिंह, ईशु सिदार, रमेश साहू ने सामूहिक रूप से छात्रों के साथ न्योता भोजन किया।

# दूरस्थ क्षेत्रों एवं वनांचलों में जन-जन तक शासन की योजनाओं की पहुँच रही जानकारी






**योजनाओं का लाभ उठाने हेतु आमजनों को किया जा रहा प्रोत्साहित**



- संवाददाता -
बलरामपुर,17 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

सरकार द्वारा संचालित लोक हितैषी कल्याणकारी योजनाओं का कला जत्था एवं एलईडी वाहन के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कला जत्था व प्रचार वाहन द्वारा जिले के सभी विकासखंडों के दूरस्थ ग्राम पंचायतों, पहाड़ी क्षेत्रों, वनांचलों और हाट-बाजारों में पहुंचकर लोगों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कराकर उन्हें शासकीय योजनाओं से जुड़ने एवं अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

कला जत्था की टीम में लोक कलाकारों द्वारा स्थानीय बोली में आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर आमजनों को योजनाओं की जानकारी दे रहे है, इसी प्रकार एलईडी प्रचार रथ में लघु चलचित्रों के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। लोक कलाकारों एवं एलईडी वाहन की टीम द्वारा संयुक्त रूप से जिले के बलरामपुर विकासखण्ड के ग्राम डौरा-कोचली, पस्ता, केरता, चिलमा, सरगढ़ी सहित अन्य गांवों में कार्यक्रम कर ग्रामीणों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत कराया गया है। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को सरकार की योजनाओं से जुड़ने एवं लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

# निक्षय सूरजपुर हेतु एक्टिव केस चिन्हांकन का कार्य आज से शुरू







- संवाददाता -
सूरजपुर,17 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टररोहित व्यास के निर्देशन में महाअभियान का प्रारंभ जिले में आज से किया गया। निश्चय सूरजपुर महाअभियान के अंतर्गत टीबी स्क्रीनिंग, टेस्टिंग और ट्रीटमेंट का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाएगा। प्रथम चरण में सभी विकास खंडों के एक-एक सेक्टरों में सघन टीबी खोज अभियान के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का दल घर-घर जाकर टीबी की स्क्रीनिंग करेगा और संदेहास्पद व्यक्ति का सैंपल लेकर उसकी जांच करायेगा। सघन टीबी खोज महाअभियान में एक दिवस में स्वास्थ्य कार्यकर्ता दल 25 घरों का भ्रमण करेगा। अगले वर्ष में जिलें के सभी पंचायतें टीबी मुक्त हो जिसके लिए वार्षिक कार्ययोजना के तहत कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. एस. सिंह एवं जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. जे.एस. सरूता के मार्गदर्शन में महाअभियान का कार्य प्रारंभ हुआ है। शुरू किये गये महाअभियान में भैयाथान का सेक्टर भैयाथान प्रतापपुर का सेक्टर, सोनगरा, रामानुजनगर का सेक्टर देवनगर, प्रेमनगर का सेक्टर प्रेमनगर, सूरजपूर का सेक्टर सूरजपुर और ओड़गी विकासखंड से सेक्टर ओड़गी में एक्टींव केश फाइंडिंग का कार्य किया जायेगा। जिसकी निगरानी और निरीक्षण कार्य ब्लॉक एवं सेक्टर के मेडिकल आफिसर, खण्ड़ कार्यक्रम प्रबंधक तथा सिनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर (एसटीएस) करेंगे। महाअभियान के संचालन एवं नियंत्रण हेतु जिला में कंट्रोल रूम के साथ निरीक्षण दल का गठन किया गया है। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. एस. सिंह, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. जे. एस. सरूता, कार्यक्रम प्रबंधक गनपत नायक, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन के संजीत सिंह, जनेश्वर सिंह, डा. व्ही. अस्मिता राव पिरामल फाऊंडेशन से आशीष गुप्ता एवं राज नारायण द्विवेदी को रखा गया है। आवश्यकता अनुसार निरीक्षण दल में अन्य नाम भी जुड़ेगा। कलेक्टर ने कहा कि जब तक जिला के एक-एक पंचायतें टीबी मुक्त नहीं हो जाती तब तक इस कार्य को विराम नहीं दिया जायेगा। इसके लिए युद्ध स्तर पर कार्य करना होगा। जिन-जिन अधिकारी और कर्मचारी को दायित्व दिया गया है वो इसे नैतिक जिम्मेदारी समझकर कार्य पूर्ण करें। यह जनहितार्थ और समाज कल्याण के लिए आवश्यक है। जिला स्तर पर इस कार्यक्रम को गति देने के लिए वार्षिक कार्ययोजना बनाया गया है। उस कार्ययोजना में क्रमशः अन्य विभागों की भूमिका और समन्वय का उल्लेख है।

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

**» प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार तत्काल निराकरण करें: कलेक्टर**







- संवाददाता -
बलरामपुर,17 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु शनिवार को तहसील कार्यालय बलरामपुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने आमजनों से प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को नियमानुसार तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

शिविर में कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी बेहतर तरीके से अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण करें। उन्होंने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न स्थानों से आये आवेदकों के आवेदन का अवलोकन कर संबंधित अधिकारी को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिला स्तरीय शिविर में प्राप्त कुल 17 आवेदनों की समीक्षा करते हुए जाति प्रमाण पत्र, बी-1, अभिलेख दुरुस्तीकरण से संबंधित प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण करने की बात कही। कलेक्टर ने राजस्व निरीक्षक मंडल और तहसील स्तर पर आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की। इसी प्रकार राजस्व निरीक्षक मण्डल व तहसील स्तर पर आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में जिले के समस्त तहसीलों से 1134 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से कुल 433 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने शेष लंबित आवेदनों को अविलंब निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु 03 फ़रवरी को राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर, 10 फरवरी को तहसील स्तर पर और 17 फरवरी को जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व), तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

CMYK



# क्या खुद के दागी विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी का संलग्नीकरण समाप्त कर पाएंगे स्वास्थ्य मंत्री ?

**विधानसभा में मंत्री ने की है घोषणा समाप्त होगा संलग्नीकरण:सूत्र**

**लेकिन उनके साथ ही एक दागी अफसर की हुई है नियुक्ति जो है फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी हथियाने का आरोप:सूत्र**

**दागी अफसरो से घिरे स्वास्थ्य मंत्री के यहां से अब तक दो स्टाफ की हो चुकी है छुट्टी**

**खोजबीन के बाद पाया गया प्रमाण पत्र है फर्जी लेकिन कार्यवाही नही होती, पिछली सरकार में दागी अफसर के भाई थे सीएम के ओएसडी क्या इस लिए नही हुई कार्यवाही ?**



घटती घटना | कोरिया-एमसीबी-समाचार | अम्बिकापुर,शुक्रवार 12 जनवरी 2024 | 5

क्या सत्ता किसी दल की हो जुगाड़ बनाकर कुछ अधिकारी ही बार-बार काटेंगे जलवा...अन्य को कभी नहीं मिलेगा मौका?





अम्बिकापुर,शुक्रवार 26 जनवरी 2024


क्या दागी सहयोगियों स्टाफ व दलबदलू युवा के भरोसे स्वास्थ्य विभाग चलाएंगे मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल?

-रवि सिंह-
एमसीबी/ रायपुर 17 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने शुक्रवार को विधानसभा में घोषणा की है कि उनके विभाग में संलग्नीकरण अतिशीध्र समाप्त किया जाएगा जहां जरूरत होगी वहां विभागीय अनुशंसा के बाद ही संलग्नीकरण किया जाएगा,इस घोषणा के बाद एक सवाल ने जन्म ले लिया है कि आखिर खुद स्वास्थ्य मंत्री के साथ विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में काम कर रहे अफसर जो कि फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे हैं क्या उनका संलग्नीकरण मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल समाप्त कर पाएंगे या फिर इन्ही दागदार अफसरों के भरोसे वे स्वास्थ्य विभाग संभालेगे। स्वास्थ्य मंत्री का स्टाफ इन दिनों काफी चर्चा में हैं घटती घटना में लगातार हो रहे खबर प्रकाशन के बाद आखिरकार पिछले दिनों उन्होने दो स्टॉफ को हटा दिया है लेकिन इसके बाद भी दागी अफसर टिके हुए हैं जो कि आश्चर्यजनक है। बतलाया जाता है कि उक्त दागी अफसर के भाई पिछली कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री के ओएसडी थे जिस कारण दागी अफसर के खिलाफ कार्यवाही नही हुई थी अब एक बार फिर दागी अफसर ने खुद को बचाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री के साथ अपना संलग्नीकरण करा लिया हैं। घटती-घटना इस की पुष्टि नहीं करता खबर सूत्रों से मिलिजानकारी व प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर तयार की गई है।









### क्या फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे हैं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी ?

बतलाया जाता है कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजय मरकाम को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के पद पर संलग्न किया है,उन पर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी पाने का पुख्ता प्रमाण घटती घटना के पास मौजूद है,अभी तक वे किस प्रकार शासकीय सेवा में बने हुए है यह भी सोचनीय विषय है बतलाया जाता कि श्री मरकाम द्वारा अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए जांच को दबवा दिया जाता है जिससे उनकी नौकरी बची हुई है। प्राप्त दस्तावेजो के अनुसार राज्य प्रशासनिक सेवा में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित संजय कुमार मरकाम पिता रामचंद्र मरकाम निवासी कॉलेज रोड नवापारा सूरजपुर ने हेमुनगर बिलासपुर का पता बतलाते हुए जिला चिकित्सालय बिलासपुर से अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया था और खुद को श्रवण (सुनने) में दिव्यांग बतलाकर प्रमाण पत्र बनवाया था हलांकि उनके परिचितों का कहना है कि यह सिर्फ दिखावा था काफी कम ध्वनि को भी सुनने मे वे सक्षम हैं और उनसे धीरे बात करने पर भी वे जवाब दे सकते हैं जिससे उनका प्रमाण पत्र एकदम संदिग्ध है। बतलाया जाता है कि उक्त अफसर ने स्वास्थ्य मंत्री के यहां नियुक्ति के पूर्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के यहां भी ओएसडी के लिए प्रयास किया था लेकिन वहां दाल नही गल सकी जिसके बाद उनकी नियुक्ति स्वास्थ्य मंत्री के यहां की गई है।

### संचालक स्वास्थ्य सेवांए ने भी लिखा था पत्र

मिली जानकारी के अनुसार फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध संचालक स्वास्थ्य सेवांए छत्तीसगढ शासन ने अध्यक्ष संभागीय मेडिकल बोर्ड संयुक्त संचालक सह अधीक्षक डॉ.भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर को एक पत्र के माध्यम से सूचित किया था जिसमें कार्यवाही का उल्लेख था,पत्र के अनुसार अवर सचिव छत्तीसगढ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा के 4 अधिकारियों का माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एवं दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 91 के प्रावधानानुसार निर्धारित प्रमाण पत्र में दिव्यांगता प्रमाण पत्र का परीक्षण एवं समक्ष में जांच मेडिकल बोर्ड शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर मे कराने हेतु एक निश्चित तिथि एवं समय निर्धारित करने हेतु लिखा गया है। राज्य प्रशासनिक सेवा में डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित सुश्री रेखा चंद्रा,सुश्री अकांक्षा पांडेय,संजय कुमार मरकाम एवं अभिषेक तिवारी का दिव्यांगता का परीक्षण एवं जांच एक निश्चित तिथि एवं समय निर्धारित कर निर्धारित तिथि समय पर संबंधित अधिकारियों को संभागीय मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने हेतु सूचित करने कहा गया था एवं प्राप्त निष्कर्ष से अवगत कराने हेतु कहा गया था। संचालक स्वास्थ्य सेवांए द्वारा लिखे गए उक्त पत्र की प्रति घटती घटना के पास भी मौजूद है जिसे अध्ययन करने पर यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी संजय कुमार मरकाम ने फर्जी तौर पर प्राप्त दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी हासिल किया है।

### जांच के बाद कार्यवाही नही हुई,प्रभाव का हुआ गलत उपयोग

इस बारे में सूत्रों का कहना है कि विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी संजय कुमार मरकाम के खिलाफ चल रही जांच को प्रभाव के कारण दबवा दिया जाता है,पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में संजय कुमार मरकाम के भाई मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी थे,इस कारण भी उनके खिलाफ कार्यवाही नही हो सकी। अब एक बार संजय कुमार मरकाम ने अपनी नौकरी बचाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री के साथ खुद को संलग्न करा लिया है,जिससे आगे जांच और कार्यवाही पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होने के साथ साथ यह स्पष्ट नजर आने लगा है कि स्वास्थ्य मंत्री ने अपने साथ दागी अफसरो को ही संलग्न कर रखा है जो कि चर्चा का विषय बना हुआ है।

### कैसे स्वास्थ्य विभाग सुधारेंगे मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ?

किसी भी मंत्री के कार्यालय में स्टाफ की भूमिका मुख्य होती है,स्टॉफ अगर दागदार है तो उनसे फिर किसी की भलाई का उम्मीद भी नही किया जा सकता है। बतलाया जाता है कि उक्त दागी अफसर पूर्व मे जहां पदस्थ रहे वहां भी उनका नाम सुर्खियों और जमीन घोटाले में शामिल रहा है। साथ ही मंत्री के विशेष सहायक आशुतोष पांडेय की कार्यप्रणाली भी काफी चर्चित और विवादित है। मंत्री ने स्टॉफ के रूप में काम कर रहे दो सेवकों को वापिस भी कर दिया है जो कि पूर्व में कांग्रेस सरकार में मंत्रियों के साथ कार्य कर रहे थे। प्रदेश के एक जिम्मेदार विभाग के मंत्री द्वारा आनन फानन में दागी अधिकारी कर्मचारियों की नियुक्ति का मामला भी संदेहास्पद है। ऐसे दागी स्टॉफ के भरोसे स्वास्थ्य मंत्री अपने विभाग को कैसे ठीक कर पाएंगे यह सोचनीय विषय है। वहीं एक अन्य कांग्रेसी युवा जो कि पानी पी पीकर आरएसएस,भाजपा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत संघ प्रमुख मोहन भागवत के विषय में अनाप शनाप बाते करता है वह भी मंत्री के रायपुर बंगले में दलाल की तरह सक्रिय है और प्रदेश भर में डाक्टरों से संपर्क कर कुछ भी काम कराने का दावा करते फिर रहा है,स्वास्थ्य मंत्री का कांग्रेसी प्रेम भी इससे कहीं ना कहीं झलक रहा है। यह उनकी कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान है।

### क्या फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र की जांच कराएंगे स्वास्थ्य मंत्री ?

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री इन दिनों अपनी कार्यशैली को लेकर किसी न किसी रूप में चर्चा में हैं,उन्होंने अपने विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में संजय मरकाम को पदस्थ किया है जिन पर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर शासकीय सेवा पाने का आरोप है। श्री मरकाम स्वास्थ्य मंत्री के साथ संलग्न हैं और उनका प्रमाण पत्र भी स्वास्थ्य विभाग से ही बनाया गया है,सवाल उठता है कि इसके बाद भी स्वास्थ्य मंत्री ऐसे दागदार अफसर को अपने साथ रखेंगे या फिर अभी तक जिस फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र मामले पर पर्दा डालकर रखा गया है, उस मामले की जांच कराएंगे। यदि स्वास्थ्य मंत्री यह कदम उठा पाते हैं तो निश्चित ही यह उनका बड़ा कदम होगा जिससे अलग संदेश जाएगा।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से स्वास्थ्य मंत्री सहित बैकुंठपुर विधायक ने की मुलाकात

### स्वास्थ्य मंत्री मनेंद्रगढ़ विधायक भी रहे मौजूद,किया एम्स की मांग का समर्थन

बैकुंठपुर विधायक की केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से कोरिया जिले में एम्स की मांग का प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने भी समर्थन किया और उन्होंने इसे आवश्यक बताया। उन्होंने इसे क्षेत्र खासकर दोनों जिले के लिए एक जरूरी मांग बताते हुए कहा की आज एम्स जैसी संस्था कोरिया जिल में यदि स्थापित होती है तो मरीजों का इसका बेहतर लाभ मिल सकेगा और उन्हे समय पर बेहतर इलाज भी मिल सकेगा। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने भी एम्स स्थापना के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से निवेदन किया जिसपर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वस्त किया की तीसरे कार्यकाल में यह मांग अवश्य पूरी होगी।कोरिया जिला और एमसीबी जिला बिल्कुल लगा हुआ है दोनों जिले साथ ही सरगुजा पूरा अंचल इस सुविधा से लाभान्वित होगा ऐसा उन्होंने विश्वास जताया है।

### झुमका महोत्सव के दौरान बैकुंठपुर विधायक ने मुख्यमंत्री सहित स्वास्थ्य मंत्री से केंद्र को प्रस्ताव भेजने की थी मांग

कोरिया जिले में एम्स स्थापना की मांग केवल ऐसी मांग नहीं कही जा सकती की अन्य काम से दिल्ली पहुंचे नेताओं ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मांग कर ली।इसकी पटकथा पहले ही लिखी जा चुकी थी जो झुमका महोत्सव के दौरान ही पहली बार समाने आई थी। झुमका महोत्सव में पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री साथ ही प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से कोरिया जिले में एम्स की स्थापना की मांग के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजने की मांग बैकुंठपुर विधायक ने की थी और जिसके ही तारतम्य में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने बैकुंठपुर विधायक के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की है और अब एम्स की मांग की हैं। कुल मिलाकर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने बैकुंठपुर विधायक की मांग को काफी महत्व दिया और उन्होंने दिल्ली प्रवास के दौरान यह मांग के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से समक्ष रखा।

## कोरिया जिले में एम्स की स्थापना की रखी मांग

-संवाददाता-
बैकुंठपुर/ एमसीबी,17 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के साथ ही बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की और कोरिया जिले में एम्स की स्थापना की मांग की। कोरिया जिले में एम्स की स्थापना की जाए यह मांग संयुक्त रूप से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल साथ ही भईयालाल राजवाड़े ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवम बैकुंठपुर विधायक ने बताया की उत्तर छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले से 350 किमी की परिधि में कोई भी उत्तम स्वास्थ्य सुविधा केंद्र स्थापित नहीं है। झारखंड, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश की सीमाएं जो उत्तर छत्तीसगढ़ से लगती हैं उन राज्यों में उपलब्ध बेहतर स्वास्थ्य सुविधा केंद्र भी छत्तीसगढ़ से इस क्षेत्र से 350 किमी दूर हैं और जिसके कारण मरीजों को 350 किमी जाकर गंभीर बीमारी के मामलों में इलाज कराना पड़ता है जो उनके लिए बड़ी कठिनाई का काम होता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कोरिया जिले में एम्स की मांग को यह कहकर स्वीकार कर लिया की मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में यह मांग जरूर पूरी होगी इसके लिए निश्चिंत रहें।

बता दें की वर्तमान में भाजपा की नई सरकार वहीं भाजपा के कोरिया जिले एवम नवीन जिले एमसीबी के तीनों विधायक जिसमे से एक विधायक प्रदेश के



स्वास्थ्य मंत्री हैं कोरिया जिले सहित एमसीबी जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रयासरत हैं जिसके अंतर्गत वह लगातार यह प्रयास कर रहे हैं की कोरिया जिले साथ ही एमसीबी जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके जिससे उत्तर छत्तीसगढ़ के लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दूर तक का सफर न करना पड़े। प्रदेश में एम्स की एक ही शाखा है जो राजधानी रायपुर में है जहां की दूरी कोरिया सहित एमसीबी जिले से 350 किमी है जो गंभीर स्थिति के मरीजों के लिए काफी कठिनाई वाला सफर होता है। एमसीबी जिले में चूंकि मेडिकल कॉलेज प्रस्तावित है इसलिए अब कोरिया जिले में एम्स की मांग को लेकर सभी विधायक लगातार प्रयासरत हैं।

### मरीजों के लिए वर्तमान में भाजपा के तीनों विधायक हुए सक्रिय

बताया यह भी जा रहा है की पूर्व की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में एमसीबी सहित कोरिया जिले के गंभीर स्थिति वाले मरीजों की सुध विधायक लेते नजर नहीं आते थे वहीं वर्तमान में भाजपा के तीनों विधायक इस मामले में काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं और वह जिले के और अपने अपने क्षेत्र के उन मरीजों के लिए स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने का हर भरसक प्रयास कर रहे हैं जो गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं या जो आर्थिक जरा भी कठिनाई इलाज मामले में महसूस कर रहे हैं। बैकुंठपुर विधायक लगातार राजधानी के अस्पतालों से संपर्क कर रहे हैं जहां क्षेत्र के मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं वहीं उन्हे वह रियायत दिलाने में भी सहयोग प्रदान कर रहे हैं। जब जब वह राजधानी पहुंच रहे हैं स्वयं मरीजों से मिलने भी वह अस्पताल पहुंच रहे हैं हाल चाल मरीजों का ले रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री भी लगातार इस ओर ध्यान दे रहे हैं हर संभव वह भी मदद कर रहे हैं भरतपुर सोनहत विधायक भी इस मामले में पीछे नहीं हैं।

### भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने दिल्ली पहुंचे हैं प्रदेश के मंत्री विधायक

प्रदेश के मंत्री विधायक सहित निर्वाचित जनप्रतिनिधि दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन 2024 में भाग लेने पहुंचे हैं। बता दें की भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रदेश के सभी बड़े नेता भाग लेने पहुंचे हैं और वहीं अधिवेशन के बाद अब वह क्षेत्र की महत्वपूर्ण मांगों को लेकर केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर रहे हैं और महत्वपूर्ण मांग उनके समक्ष रख रहे हैं। इसी क्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से भी नेताओं ने मुलाकात की और एम्स की मांग की।

### बैकुंठपुर विधायक ने लिखित में एम्स की रखी मांग

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से बैकुंठपुर विधायक ने लिखित में एम्स की मांग जिले के लिए रखी। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को सौंपे गए मांग पत्र में अवगत कराया की कोरिया जिला अत्यंत पिछड़ा है सुविधाओं के मामले में वहीं यह बेहतर स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों से 350 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां गंभीर बीमारी के मरीजों की संख्या भी अधिक है जिन्हे 350 किमी दूर जाकर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करनी पड़ती है। आवागमन की समस्या साथ ही कई बार पैसों की भी समस्या उन्हे बाहर जाकर झेलनी पड़ती है। कई बार इलाज के अभाव में मरीज की मौत भी हो जाती है। उन्होंने यह भी अवगत कराया की उनके पूर्व के कार्यकाल में जब वह मंत्री थे उन्होंने अपने शासकीय बंगले को मरीजों के लिए समर्पित कर दिया था जहां उनके रहने खाने पीने की व्यवस्था वह स्वयं देखा करते थे जिस दौरान उन्होंने 7615 मरीजों का इलाज कराया और जिसमे उन्होंने मरीजों को कई बार अस्पतालों से रियायत भी दिलवाया। उन्होंने मांग करते हुए पत्र में लिखा की पिछली सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य सुविधा के लिए लोग परेशान देखे गए जो आगे ऐसा न हो उनकी मंशा है इसलिए वह जिले में एम्स की मांग कर रहे हैं जिससे जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए दूर का सफर न करना पड़े वहीं उन्हे इलाज के अभाव में जान न गवानी पड़े।

# क्या बिना तैयारी के नगर पालिका सूरजपुर कर रही थी दुकानों की नीलामी

# जिस वजह से कलेक्टर ने कराई नीलामी निरस्त ?



## 16 फरवरी को 11 बजे होनी थी 15 दुकान की नीलामी...10 बजे नीलामी में भाग लेने वालों को मिली सूचना की नीलामी हो गई निरस्त

## 15 दुकानों के लिए तकरीबन 200 आवेदन जमा हुए...ऐसा लगा कि नौकरी के लिए भरे जा रहे थे आवेदन

## दुकान नीलामी की तिथि 10 दिन पहले ही तय हो गई थी फिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि नीलामी के दिन निरस्त की गई दुकानों की नीलामी

-ओंकार पांडेय-
सुरजपुर, 17 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

नगर पालिका सूरजपुर में सुभाष चौक पर स्थित नगर पालिका द्वारा निर्माणाधीन दुकानों की नीलामी एक बार हो चुकी थी जिसमें 15 दुकान छोड़ दिए गए थे जिसकी नीलामी की तिथि 16 फरवरी को तय की गई, 15 दुकानों की नीलामी के लिए दो दिन पहले ही तय की गई अमानत राशि जमा कर ली गई थी ताकि प्रतिभागी नीलामी में भाग ले सकें लगभग 15 दुकानों के लिए 200 आवेदन प्राप्त हुए थे ऐसा लगा कि दुकान की नीलामी नहीं बेरोजगारी इतनी है की नौकरी के लिए आवेदन भरे जा रहे हैं 15 दुकान नहीं 15 नौकरी के पद हैं कुछ इसी तर्ज पर लाइन लगाकर लोगों ने आवेदन जमा किया सब तैयारी हो गई थी 15 फरवरी को रात के 12 बजे तक लोग सेटिंग में भी लगे रहे जिससे उनकी सेटिंग हो सके सारी चीज 15 फरवरी को हो गई पर अचानक जब सुबह प्रतिभागियों की नींद खुली तो ठीक नीलामी से एक घंटा पहले उन्हें सूचना मिली कि कलेक्टर सूरजपुर ने नीलामी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है वह भी यह कहकर कि दस्तावेजों की जांच पुनः कर ली जाए और सही दस्तावेज वालों को ही नीलामी की बोली प्रक्रिया में शामिल होने दिया जाए, जैसे ही यह बात प्रतिभागियों को पता चली सभी के मुंह लटक गए और उन्हें काफी अफसोस हुआ की नीलामी का दिन टल गया अब नीलामी का अगला दिन कौन सा होगा इसका तो अभी तक पता नहीं पर इसकी सूचना नगर पालिका में चस्पा कर दी गई और चस्पा की गई वहीं सूचना में दिनांक को 15 फरवरी 2024 रखा गया पर जानकारी के मुताबिक लोगों को इस बात की जानकारी 16 फरवरी को सुबह 10 बजे लगी।

## क्या भाई भतीजावाद की वजह से निरस्त हुई दुकानों की नीलामी ?

नगरपालिका सूरजपुर की विवादित कार्यशैली से लोग परेशान हो गए हैं।भाई भतीजावाद व भर्राशाही नगर पालिका में हावी है जिसकी वजह से लगातार किरकिरी हो रही है। दुकान लेने के लिए सपने संजोए सैकड़ों लोगो के सामने उनके मंसूबे पर पानी फिरता दिखाई पड़ रहा है। सुभाष चौक पर स्थित स्थल पर नगर पालिका सूरजपुर द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से 45 दुकान का निर्माण किया गया था इन 45 दुकानों की नीलामी एक साथ होनी थी पर नगर पालिका की कमियों व कमजोरी की वजह से 15 दुकान छोड़कर ही नीलामी की गई थी, उस समय जब नीलामी हुई थी तो दस्तावेजों की जांच नहीं की गई पर अचानक जब इसी के पार्ट 2 की नीलामी की तिथि निर्धारित की गई तो दस्तावेज सत्यापन के नाम पर नीलामी के दिन ही नीलामी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया आगामी आदेश तक के लिए यह कहकर कि दस्तावेजों के सत्यापन के बाद नीलामी प्रक्रिया की जाएगी जो दस्तावेज प्रतिभागियों ने नीलामी के लिए जमा किए हैं वह दस्तावेज सही है या नहीं यह पहले देखा जायेगा। पर सवाल यह है कि जब दस्तावेजो की ही जांच करनी थी तो उसके लिए समय रखकर तारीख को निर्धारित करना था ताकि दस्तावेजों की जांच होकर स्कुटनी की जा सके पर ऐसा क्यों नहीं किया गया यह बड़ा सवाल है? 16 तारीख को नीलामी हो जाएगी जिसके लिए लोगो ने अमानत राशि के रूप में करोड़ों राशि जमा कर रखी है। एक बार फिर शुक्रवार को होने वाली दुकानों की नीलामी नगर पालिका को निरस्त करनी पड़ी है।

### दुकान नीलामी निरस्त होने से प्रतिभागी लोग हुए मायूस

10 दिन पहले ही दुकान नीलामी की तिथि तय हो गई थी और किस दिन फॉर्म भरना है और पैसा जमा करना है यह तय हो चुका था और किस दिन नीलामी होगी यह भी तय था सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद नीलामी के दिन ही दुकान की नीलामी निरस्त कर दी गई जिसे लेकर लोगों में काफी मायूसी रही। भले ही मौखिक यह कहा जा रहा है कि दस्तावेज के सत्यापन के लिए नीलामी प्रक्रिया निरस्त की गई है पर नीलामी निरस्त करने की वजह आज भी स्पष्ट नहीं है क्योंकि इसका कोई आदेश नहीं निकाला गया ,नीलामी की अगली तिथि भी अभी तक जारी नहीं हुई।

### पहले की नीलामी में दस्तावेजों की क्यों नहीं जांच की गई ?

45 दुकानों में से 15 दुकान छोड़कर 6 फरवरी को अन्य सभी दुकानों की नीलामी कर दी गई थी उस समय भी दस्तावेज जमा किया गया था और आरक्षण रोस्टर भी दिया गया था, उस समय दस्तावेजों की जांच की मांग क्यों नहीं हुई जबकि शिकायत उस समय भी हुई थी पर किसी ने ध्यान नहीं दिया पर अचानक दूसरी बार बची हुई दुकानों की नीलामी में आखिर ऐसा क्या जरूरत आन पड़ी की दस्तावेज जांच करने की मांग उठी यह बात भले ही मौखिक है पर यही बताया जा रहा है कि दस्तावेज सत्यापन के लिए नीलामी को निरस्त किया गया है।

### नगर पालिका की क्या चल रही है दादागिरी ?

नगर पालिका के पास खुद की जमीन नहीं है और दूसरे की जमीन पर जबरन दुकान बनाए पड़े हैं एक दुकान स्कूल की भूमि पर बना दिया गया तो वहीं कुछ दुकान अस्पताल की भूमि पर ना तो भूमि परिवर्तन हुआ ना ही जिस विभाग की जमीन है उस विभाग को उसका पैसा दिया गया सिर्फ अनापत्ति लेकर नियम विरुद्ध तरीके से दुकान का निर्माण कर दिया गया यदि मामला न्यायालय में जाएगा तो इस मामले में पेंच फंस सकता है जो लोग दुकान पा गए हैं वह भी इन दुकानों से हाथ धो देंगे और सूत्रों का कहना है कि इस मामले में कई लोग न्यायालय जा सकते हैं।

# भाजपा ने चुनावी बांड के नाम पर उद्योगों से अवैध धन वसूला : भगवती राजवाड़े

## सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा के चुनावी भ्रष्टाचार को उजागर किया : राम कृष्ण ओझा

-ओंकार पाण्डे-
सुरजपुर, 17 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

जिला कांग्रेस सूरजपुर अध्यक्ष भगवती राजवाड़े ने बयान जारी कर कहा है कि अनैतिक तरीके से केवल अपना आर्थिक हित साधने भाजपा की मोदी सरकार के द्वारा लाए गए इलेक्टोरल बांड पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय कांग्रेस के आरोपों पर मोहर है। सर्वोच्च न्यायालय के फ़ैसले से प्रमाणीत है कि चुनावी बांड मोदी सरकार का बड़ा घोटाला है। चुनावी बांड जारी करने वाले बैंक आरबीआई के नियंत्रण में काम करते हैं, जो केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के अधीन होता है। कौन सी कंपनी किस राजनीतिक दल को चुनावी बांड के माध्यम से कितना धन दे रही है उसकी पूरी जानकारी आरबीआई के माध्यम से केंद्र की मोदी सरकार को होती थी। केवल अपने राजनीतिक हित और विरोधी पार्टियों के हितों के खिलाफ षडयंत्र करने यह कानून केंद्र की मोदी सरकार ने दुर्भावना पूर्वक लाया था। कॉर्पोरेट को नियंत्रित करने, दबाव पूर्वक वसूली का हथियार केंद्र की मोदी सरकार में इलेक्टरल बॉन्ड का कानून बनाकर लाया गया था। एक तरह से केंद्र की मोदी सरकार बड़े कॉर्पोरेट घरानों से रिश्वत, जबरिया उगाही और कमीशनखोरी चुनावी बॉन्ड के माध्यम से कर रही थी।

जिला उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता राम कृष्ण ओझा प्रदेश ने बयान जारी करते हुये कहा कि पारदर्शिता और संवैधानिक व्यवस्था से भाजपा को





परहेज है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से भाजपा का षड़यंत्र उजागर हुआ है। चुनावी बांड योजना स्पष्ट तौर पर सूचना के अधिकार और अभिव्यक्ति की आजादी का उल्लंघन है। राजनीतिक दलों के द्वारा फंडिंग की जानकारी उजागर न करना आरटीआई के उद्देश्य के विपरीत है। जिस तरह से मोदी सरकार ने पहले आरबीआई का रिजर्व सरप्लस दबाव पूर्वक ले लिया, फिर पीएम केयर फंड को सीएजी और आरटीआई के दायरे से बाहर किया। उसके बाद चुनावी बांड का कानून लाकर कॉर्पोरेट से मिलीभगत और जबरिया वसूली करने के षड़यंत्र पर परदेदारी करने के लिये चुनावी बांड का अनैतिक कानून लाए। माननीय सर्वोच्च न्यायालय में चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए इसे रद्द कर दिया है और जानकारी सार्वजनिक करने का आदेश दिया है। चुनावी बॉन्ड का डाटा जारी होने से भाजपा का भ्रष्टाचार उजागर होगा। विगत 6 वर्षों में केवल चुनावी बांड के माध्यम से भाजपा को 6500 करोड़ से ज्यादा प्राप्त हुआ है, देने वालों के नाम के खुलासे और उसके एवज में मोदी और भाजपा शासित राज्य सरकारों में उनको मिले अनैतिक लाभ भी उजागर होंगे। माननीय न्यायालय के आदेश के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि मोदी सरकार ने अपना भ्रष्टाचार छुपाने के लिये ऐसा क़ानून लाया था। अब देखना यह है कि क्या मोदी जी भाजपा कार्यालय में जाँच के लिये ई डी को भेजेंगे।

# पुलिस ने अवैध डीजल के विरुद्ध की कार्यवाही

-संवाददाता-
कोरबा, 17 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।



पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध कबाड़, डीलज,शराब, के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी पाली द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ डीजल कार्यवाही की गई । मामले में मुखबीर से अवैध रुप से डीजल रखने की सूचना मिलने पर हमराह स्टाफ के सूचना तस्दीक पर रवाना हुआ जो थाना पाली के बाईपास सराईपाली राघवेन्द्र ढाबा पर 70 लीटर डीजल मिलने पर आरोपी राघवेन्द्र डिक्सेना पिता बहोरिक डिक्सेना उम्र 39 साल साकिन पाली, थाना पाली जिला कोरबा कब्जे से 70 लीटर डीजल किमती 6720 रूपये को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है एवं धारा 41 (1-4) जा. फौ. / 379 भादवि के तहत आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया । उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक चमन लाल सिन्हा, स.उ.नि. पुरूषोत्तम सिंह उईके, प्रधान आरक्षक 38 शिव कुमार डहरिया, आरक्षक 654 शैलेन्द्र तंवर, आरक्षक 460 आशिष साहू की भूमिका रही।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0....../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वितेन्द्र कुमार मिश्रा आ0 जीवननाथ मिश्रा, अमित जायसवाल आ0 ज्ञान प्रकाश जायसवाल निवासी नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम भगवानपुरखंद तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 317 रकबा 0.180 हे0 में से 0.040 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 01/03/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के मश्चात प्राप्त दाव-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाता है।

आज दिनांक 16/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0....../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वितेन्द्र कुमार मिश्रा आ0 जीवननाथ मिश्रा, अमित जायसवाल आ0 ज्ञान प्रकाश जायसवाल निवासी नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम भगवानपुरखंद तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 317 रकबा 0.180 हे0 में से 0.046 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 01/03/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के मश्चात प्राप्त दाव-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाता है।

आज दिनांक 16/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0....../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वितेन्द्र कुमार मिश्रा आ0 जीवननाथ मिश्रा, अमित जायसवाल आ0 ज्ञान प्रकाश जायसवाल निवासी नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम भगवानपुरखंद तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 317 रकबा 0.180 हे0 में से 0.046 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 01/03/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के मश्चात प्राप्त दाव-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. उदयपुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0....../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशुन राम आ0 स्व0 मांझी जाति गोंड निवासी ग्राम अमलभिटठी तहसील लखनपुर जिला सरगुजा के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम अमलभिटठी तहसील लखनपुर स्थित भूमि में से अपने हिस्से की भूमि खसरा क्रमांक 1103 रकबा 0.081 हे0 में से रकबा 0.040 हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ बी-1, खसरा, नक्शा, सेटलमेन्ट की प्रतिलिपि, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव की प्रतिलिपि एवं सहखातेदार की सहमति पत्र सहित प्रस्तुत की गई है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 01/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी रा. उदयपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0 202402021700064 /अ-21/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कामना गुप्ता पति अतुल कुमार गुप्ता, निवासी बौरीपारा, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम अजिरमा स्थित भूमि खसरा नंबर 930/7 रकबा 0.011 हे0 भूमि/मकान निजी कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदिका सुकन्या सोनी पति संतोष कुमार सोनी, निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 को रू0 40,00,000/- (चालीस लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो पेशी दिनांक 06/03/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-2

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**

बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर (छत्तीसगढ़)

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बलरामपुर वनमण्डल के अंतर्गत काष्ठागार वाड्रफनगर में रखी इमारती लकड़ी/जलाऊ/बांस को निम्नलिखित तिथि व समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि नीलाम में भाग लेने के पूर्व काष्ठागार में रखी काष्ठ का भली भांति अवलोचन कर लेवें। नीलाम में संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी काष्ठागार वाड्रफनगर से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम में रखी काष्ठ की वास्तविक मात्रा अधिसूचित मात्रा से भिन्न हो सकती है :-

नीलाम स्थान-काष्ठागार वाड्रफनगर

नीलाम दिनांक व समय - 26.02.2024 प्रातः 09:30 बजे से

| क्र0 | वनोपज का विवरण | नया काष्ठ | | पुराना काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) |
| | | घ.मी. | नग | घ.मी. | नग |
| 1 | 2 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| A | इमारती काष्ठ | | | | |
| 1 | सागौन | 2.867 | 1 | 331.184 | 757 |
| 2 | साल | 431.152 | 290 | 6.522 | 828 |
| 3 | साजा | 20.757 | 31 | 0.165 | 89 |
| 4 | बीजा, शीशम, खम्हार | 0.434 | - | 0.198 | - |
| 5 | हल्दु, मुडी, बांसा | - | - | 0.245 | - |
| 6 | धावड़ा | 3.343 | 16 | 1.703 | 83 |
| 7 | अन्य नीलगिरि | 3.787 | 2 | 0.065 | 8 |
| 8 | सलया | 0.275 | - | - | - |
| 9 | खैर काष्ठ | - | - | - | - |
| | योग :- | 462.615 | 340 | 340.082 | 1765 |
| क्र | प्रजाति विवरण | | | | |
| 1 | जलाऊ चट्टा मिश्रिम प्रजाति सा. 2.00 मी0 x1.25 x 0.80 मी0 | | 125 चट्टा नया | | 49 चट्टा पुराना |
| 2 | पत्थर कोयला पुराना | | - | | 10 क्विं0 |

टीप :- क्रेता को पैन एवं टिन नंबर तथा रजिस्ट्रेशन वर्ष 2024 एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नंबर की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

जी नंबर-07839/1

वनमण्डलाधिकारी
बलरामपुर वनमण्डल, बलरामपुर

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पिस्टल ऐस मनु भाकर ने ग्रेनाडा में विश्व कप में एक और पदक जीता



**नई दिल्ली,17 फरवरी 2024।** पूर्व युवा ओलंपिक चैंपियन, महिला पिस्टल स्टार मनु भाकर , स्पेन के ग्रेनाडा, इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन, आईएसएसएफमनु ने 576 के स्कोर के साथ आठ महिलाओं के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जिससे उन्हें 54-मजबूत क्षेत्र में चौथा स्थान मिला। हमवतन रिदम सांगवान ने 580 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। फाइनल में, मनु ने 215.1 का स्कोर बनाकर कांस्य पदक जीता, जबकि पोलैंड की क्लाउडिया ब्रेज़ ने 236.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। रिदम फाइनल में आठवें स्थान पर रही जबकि मैक्सिकन एंड्रिया इबारा ने रजत पदक जीता। अनुराधा देवी के 565 ने उन्हें कुल मिलाकर 32वां स्थान दिया।

### गुजरात जायंट्स ने जर्सी का अनावरण किया

**बेंगलुरु,17 फरवरी 2024।** बेंगलुरु में शुरू होने वाले डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन से पहले, अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाले गुजरात जायंट्स ने टूर्नामेंट के लिए अपनी जर्सी का अनावरण करके अपनी तैयारी शुरू कर दी है। गुजरात जायंट्स के मुख्य कोच माइकल क्लिंगर और मेंटर मिताली राज समारोह में उपस्थित थे और उन्होंने शाम को प्रशिक्षण से पहले टीम को नई जर्सी प्रदान की। द जाइंट्स की कप्तानी ऑस्ट्रेलियाई रन-मशीन बेथ मूनी करेंगी, जबकि भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा उप-कप्तान होंगी। इस सीज़न के डब्ल्यूपीएल की तैयारी में, नारंगी रंग की टीम ने बेंगलुरु के गार्डन सिटी में बड़े उत्साह के साथ अपना प्रशिक्षण शुरू किया, और जैसे-जैसे वे अपने पहले गेम के करीब पहुंच रहे हैं, कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गुजरात जायंट्स 25 फरवरी को मुंबई इंडियंस के खिलाफ बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। जबकि माइकल क्लिंगर मुख्य कोच हैं और मिताली राज मेंटर और सलाहकार हैं, भारत के सबसे प्रसिद्ध स्पिनरों में से एक नूशिन अल खादीर इस सीज़न में टीम के लिए बॉलिंग कोच हैं। समारोह से इतर बोलते हुए, मुख्य कोच माइकल क्लिंगर ने कहा, यह डब्ल्यूपीएल का एक नया सत्र है और हम इसे लेकर उत्साहित हैं। लेकिन हमें अपने प्रशंसकों के लिए अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी होगी।

# भारतीय महिला टीम का खिताबी भिड़ंत आज

## पहली बार भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची



**नई दिल्ली,17 फरवरी 2024।** भारतीय महिला टीम ने शनिवार को रोमांचक सेमीफाइनल में दो बार की पूर्व चैम्पियन जापान को 3-2 से हराकर अपना स्वप्निल सफर जारी रखते हुए पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की दुनिया की 23वें नंबर की जोड़ी ने पहला युगल, दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी अस्मिता चालिहा ने दूसरा एकल और 17 वर्षीय अनमोल खरब ने निर्णायक एकल जीतकर भारत को खिताबी भिड़ंत तक पहुंचाया। भारतीय महिला टीम अब रविवार को फाइनल में थाईलैंड के सामने होगी।
जापान की टीम अकाने यामागुची (दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी),युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा (दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी) तथा मायु मातसुमोटो और वाकाना नागाहारा (दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी) के बिना खेल रही थी। लेकिन इसके बावजूद मजबूत टीम थी और उसने भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश की। चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रही पीवी सिंधू हालांकि पहले एकल में अया ओहोरी के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी और 13-21, 20-22 से हार गयीं।
तृषा और गायत्री ने पहले युगल में शानदार प्रदर्शन किया और नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की दुनिया की छठे नंबर की जोड़ी पर 73 मिनट में 21-17, 16-21, 22-20 की जीत से भारत को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अस्मिता ने फिर पूर्व विश्व चैम्पियन नोजोमी ओकुहारा (20वीं रैंकिंग) के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया। इस भारतीय ने अपने क्रास शॉट और स्मैश का बखूबी इस्तेमाल कर 21-17, 21-14 से उलटफेर भरी जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया। तनीषा क्रास्टो को चोट लगी है, जिससे सिंधू ने अश्विनी पोनप्पा के साथ जोड़ी बनायी लेकिन वे रेना मियायूरा और अयाको साकुरामोटो की दुनिया की 11वें नंबर की जोड़ी की बाधा पार नहीं कर सकी और 43 मिनट में 14-21 11-21 से हार गयीं। अब दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं।अनमोल को दुनिया की 29वें की खिलाड़ी नातसुकी निडायरा को हराने की जिम्मेदारी सौंपी गयी और इस भारतीय ने भी उम्मीदों के अनुरूप 52 मिनट में 21-14, 21-18 से जीत दर्ज कर भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचाया। भारत अब इस महाद्वीपीय चैम्पियनशिप में पहला स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेगा। भारत ने 2016 और 2020 के चरण में पुरुष टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीते थे।

## काइल जैमीसन लगभग 1 साल रहेंगे क्रिकेट से दूर



**नई दिल्ली,17 फरवरी 2024।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर काइल जैमीसन लम्बे समय तक मैदान से दूर रहेंगे। वह अपनी पीठ के स्ट्रेस फ्रैक्चर के चलते 1 साल तक क्रिकेट से दूर रह सकते हैं।न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने आधिकारिक तौर पर ये जानकारी दी है।जैमीसन हाल ही में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ सम्पन्न हुई टेस्ट सीरीज के पहले मैच में खेलते हुए नजर आए थे।
जैमीसन को दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ माउंट माउंगानुई में हुए पहले टेस्ट के बाद दर्द महसूस हुआ। इसके बाद वह हैमिल्टन में खेले गए दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। पहले टेस्ट में गेंदबाजी में उन्होंने दोनों परियों को मिलाकर कुल 6 विकेट (2/35 और 4/58) लिए थे।बल्लेबाजी में अपनी एक पारी में उन्होंने नाबाद 8 रन बनाए थे। बता दें कि न्यूजीलैंड ने 2 मैचों की सीरीज को क्लीन स्वीप किया था। स्कैन से पता चला है कि जैमीसन के उसी स्थान पर एक नई चोट है जहां उनका पहले भी ऑपरेशन किया गया था।न्यूजीलैंड क्रिकेट के अपडेट के मुताबिक, उन्हें आगे कोई सर्जरी नहीं करानी पड़ेगी लेकिन चोट को पर्याप्त समय देने के लिए आराम और रिहैब की आवश्यकता होगी।बता दें कि जैमीसन पीठ की चोट के चलते लगभग 14 महीने पहले भी बाहर रहे थे। उन्होंने सितंबर 2023 में फिर से वापसी की थी।
29 वर्षीय जैमीसन ने उम्मीद जताई है कि वह चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी करेंगे।उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिन मेरे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण रहे हैं लेकिन मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, सहयोगी स्टाफ और डॉक्टरों से मिले समर्थन के लिए बेहद आभारी हूं। मैं एक क्रिकेटर के रूप में जानता हूं कि चोटें जीवन का हिस्सा हैं और मुझे उम्मीद है कि मेरे पास अभी भी खेलने के लिए समय बाकी हैं।
न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने इस संदर्भ में कहा, हम सब जानते हैं कि जैमीसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए कितनी मेहनत की है और उनके लिए इस तरह का झटका मिलना बुरी खबर है। जैमीसन को लेकर सकारात्मक पक्ष यह है कि वह न्यूजीलैंड के लिए क्रिकेट खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम उनके रिहैब के लिए अपना समर्थन करना जारी रखेंगे। उनका वापसी को लेकर संकल्प कम नहीं हुआ है।
जैमीसन ने 13 वनडे मैचों में 36.50 की औसत से 14 विकेट लिए हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 83 रन बनाए हैं।उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 19 मैचों में 19.73 की औसत से 80 विकेट चटकाए हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 1 अर्धशतक की मदद से 432 रन बनाए हैं।इस ऑलराउंडर ने 13 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भी कीवी टीम का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें गेंदबाजी में 41.20 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 49 रन बनाए हैं।

## जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट में रूट को 9वीं बार किया आउट



**राजकोट,17 फरवरी 2024।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बल्लेबाज जो रूट का भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में खराब प्रदर्शन जारी है।वह राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी में 31 गेंदों में 18 रन बनाकर जसप्रीत बुमराह का शिकार बन गए। बुमराह ने रूट को इस सीरीज में तीसरी बार आपना शिकार बनाया है। इसके साथ ही उन्होंने रूट टेस्ट में कुल 9वीं बार पवेलियन की राह दिखाई है।
रूट ने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में बुमराह के खिलाफ 21 पारियों में 254 रन बनाए हैं, जबकि बुमराह ने उन्हें 9 बार अपना शिकार बनाया है।बुमराह के खिलाफ रूट की औसत 28.22 की है। वह 369 डॉट गेंदों का सामना करने के अलावा 29 चौके लगाने में सफल रहे हैं।इसी तरह भारत में बुमराह के खिलाफ रूट की औसत सिर्फ 13.50 की है। बुमराह ने उन्हें 6 पारियों में 4 बार आउट किया है।
बुमराह ने टेस्ट में केवल रूट को ही 9 बार पवेलियन की राह दिखाई है। इनमें से 5 बार इंग्लैंड की जमीं पर सफलता हासिल की है।उनके अलावा वह किसी अन्य बल्लेबाज को 6 बार भी आउट नहीं कर पाए हैं।इस मामले में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड शीर्ष पर हैं, जिन्होंने रूट को 11 बार आउट किया है।इसी तरह ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने रूट को 10 बार आउट किया है।

## बेन डकेट ने राजकोट में बनाया सबसे बड़ा स्कोर



**राजकोट,17 फरवरी 2024।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ राजकोट में तीसरे टेस्ट की पहली पारी में 153 रन बनाए।इसके साथ ही वह इस मैदान पर सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए।अपने टेस्ट करियर का सिर्फ तीसरा शतक लगाने वाले डकेट की यह भारतीय सरजमीं पर भी सबसे बड़ा स्कोर बन गया।
डकेट ने मैच के दूसरे दिन आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 88 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। ये भारत के खिलाफ उनकी पहली शतकीय पारी रहीदूसरे दिन के खेल की समाप्ति तक डकेट 118 गेंदों पर 21 चौकों और 2 छक्कों की बदौलत 133 रन बनाकर नाबाद थे।तीसरे दिन वह अपनी पारी को ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रख सके और कुलदीप यादव का शिकार बने। उन्होंने 151 गेंदों पर 153 रन बनाए।
यह पहला मौका है, जब किसी बल्लेबाज ने राजकोट के मैदान पर 150 रन का आंकड़ा पार किया है।इस शतक के साथ ही डकेट इस मैदान पर विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बता दें कि कोहली ने 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 139 रन बनाए थे।इस मैदान पर तीसरा सबसे बड़ा स्कोर पृथ्वी शॉ (134 रन बनाम वेस्टइंडीज, 2018) के नाम पर है।
डकेट ने 139 गेंदों में अपने 150 रन का आंकड़ा छूआ। वह साल 2000 के बाद से मेजबान भारत के विरुद्ध सबसे तेज 150 रन (गेंदों के मामले में) बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।उन्होंने केविन पीटरसन का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 201 गेंदों में अपने 150 रन (मुंबई में, 2012) पूरे किए थे।इस सूची में अन्य बल्लेबाज इंजमाम-उल-हक (209 गेंद, 2005) और इंग्लैंड के ओली पोप (212 गेंद, 2024) हैं।
रिपोर्ट के अनुसार, डकेट मेजबान भारत के खिलाफ तीसरे सबसे तेज टेस्ट शतक (88 गेंद) लगाने वाले विदेशी बल्लेबाज बन गए हैं।भारतीय सरजमीं पर उनसे तेज शतक लगाने वाले विदेशी ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट (84 गेंद, साल- 2001) और वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज क्लाइव लॉयड (85 गेंद, साल-1974) हैं।इसके साथ-साथ यह इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज का विदेशों में खेलते हुए संयुक्त रूप से तीसरा सबसे टेस्ट तेज शतक है।
डकेट ने साल 2016 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आगाज किया था।उन्होंने अब तक 18 टेस्ट की 33 पारियों में लगभग 45 की औसत के साथ 1,405 रन बनाए हैं। वह इस प्रारूप में अब तक 3 शतक और 7 अर्धशतक भी जड़ चुके हैं।उन्होंने भारत के खिलाफ 5 टेस्ट की 8 पारियों में 37.75 की औसत के साथ 302 रन अपने नाम किए हैं, जिसमें 1 शतक शामिल है।

## मार्कस स्टोइनिस न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से हुए बाहर




**नई दिल्ली,17 फरवरी 2024।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को 21 फरवरी से न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ शुरू होने वाली 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है।टीम के ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस पीठ में चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं।ऐसे में उनकी जगह पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर आरोन हार्डी को टीम में जगह दी गई है।बता दें कि यह टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया की आखिरी टी-20 सीरीज होगी।
स्टोइनिस के अलावा ऑस्ट्रेलिया के उपकप्तान और विकेटकीपर मैथ्यू वेड भी अपने तीसरे बच्चे के जन्म के कारण 21 फरवरी को वेलिंगटन में होने वाले सीरीज के पहले मैच में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। हालांकि, वह शेष 2 मैचों में खेलेंगे।
वह अब तक 70 वनडे मैचों में 27.03 की औसत से 1,487 रन बना चुके हैं। इसमें 1 शतक और 6 अर्धशतक शामिल है। वह वनडे में 48 विकेट भी झटक चुके हैं। इसी तरह वह 59 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 940 रन बना चुके हैं और 35 पारियों में 29 विकेट अपने नाम कर चुके हैं।

## शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज ने ब्यूनस आयर्स सेमीफाइनल में जगह पक्की की



**ब्यूनस आयर्स,17 फरवरी 2024।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज ने पहले सेट में एंड्रिया वावास्सोरी के आक्रामक प्रदर्शन का सामना किया और दूसरे सेट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए इटालियन को 7-6(1), 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना ओपन, जहां वह अब अपनी चैंपियनशिप बचाने से दो जीत दूर है। वर्ल्ड नंबर 2 एक त्रुटिहीन टाई-ब्रेक प्रदर्शन देने से पहले एक घंटे के शुरुआती सेट में फंस गया था, 6/0 की बढ़त हासिल की और फिर दो अंक बाद एक सेट की बढ़त हासिल की। स्पैनियार्ड ने अपनी गति का फायदा उठाया और एक घंटे और चालीस मिनट के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाने से पहले दूसरे सेट में अपने पहले दो सर्विस गेम में वावसोरी की सर्विस को तोड़ दिया। मुझे लगता है कि पहले सेट में उसने इतने ऊंचे स्तर का खेल दिखाया। उसकी सर्विस लौटाना और हवा के साथ चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में वास्तव में कठिन था। यह कठिन था। लेकिन मुझे लगता है कि मैंने दूसरे सेट में बेहतर खेला। मुझे लगता है कि उसका स्तर नीचे चला गया थोड़ा सा, उनकी सर्विस के साथ भी और मैंने कुछ रिटर्न डाले, अपने मौके लिए और मुझे लगता है कि यही अंतर था, अलकराज ने एटीपी के हवाले से वावसोरी के बारे में कहा।
अलकराज ने इटालियन क्वालीफायर को हराने के लिए कई तरह की रणनीतियों का इस्तेमाल किया, बार-बार आगे बढ़ते रहे और सटीक ड्रॉप शॉट लगाए। दो बार के प्रमुख विजेता अलकराज ने अपने दूसरे सर्व अंक में से 71त्न अंक जीते, जबकि वावसोरी ने 48 प्रतिशत अंक जीते, जिससे ब्यूनस आयर्स में उनकी जीत का सिलसिला छह तक बढ़ गया। इसके बाद अलकराज का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस जैरी से होगा। चिली के जेरी तब आगे बढ़े जब टॉमस मार्टिन एचेवेरी दाहिने पैर की चोट के कारण सेवानिवृत्त हो गए। जैरी पहला सेट 4-6 से हार गए लेकिन एचेवेरी के जारी न रह पाने के कारण उन्होंने दूसरा सेट 7-5 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। ड्रा के निचले भाग में, स्थानीय पसंदीदा फ़ेडरिको कोरिया और फ़ेकुंडो डियाज़ अकोस्टा ने अपना सपना सप्ताह बरकरार रखा। 31 वर्षीय कोरिया ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन बाएज़ को 6-1, 6-4 से हराया, जबकि वाइल्ड कार्ड डियाज़ अकोस्टा ने डुसान लाजोविच को 6-4, 6-3 से हराया।

## द नाइट मैनेजर के 1 साल पूरे, अनिल कपूर ने प्रशंसकों के प्यार के लिए उनका आभार व्यक्त किया



अभिनेता अनिल कपूर की द नाइट मैनेजर ने 17 फरवरी को अपनी रिलीज का एक साल पूरा कर लिया है। पहली वर्षगांठ के अवसर पर, अनिल कपूर ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर एक लंबा नोट लिखा।पोस्ट में कहा गया है, प्रिय प्रशंसक, टीम और द नाइट मैनेजर के प्रशंसक, जैसा कि हम अपने प्रिय शो द नाइट मैनेजर की एक साल की सालगिरह मना रहे हैं, मेरा दिल कृतज्ञता और भावना से भर गया है। यह यात्रा रही है असाधारण से कम नहीं, और इसकी सफलता मेरे भीतर गहराई से प्रतिध्वनित होती है। आप सभी का प्यार और अटूट समर्थन विस्मयकारी से कम नहीं है। आपके जुनून ने द नाइट मैनेजर को केवल ओटीटी से आगे बढ़ाया है; यह मेरे करियर में एक मील का पत्थर बन गया है, कहानी कहने की शक्ति का एक प्रमाण है । उन्होंने अंत में कहा, पर्दे के पीछे की उल्लेखनीय टीम के लिए, आपका अथक समर्पण और उत्कृष्टता की खोज हमारी सफलता की आधारशिला रही है। साथ में, हमने वास्तव में कुछ विशेष तैयार किया है, कुछ ऐसा जो आने वाले वर्षों तक दर्शकों के दिलों में रहेगा . यहाँ द नाइट मैनेजर है! प्यार के लिए धन्यवाद! कहानी एक लक्जरी होटल के नाइट मैनेजर, एक पूर्व सैनिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे एक हथियार डीलर के अंदरूनी घेरे में घुसपैठ करने के लिए एक सरकारी जासूसी संगठन द्वारा भर्ती किया जाता है। संदीप मोदी द्वारा निर्देशित, श्रृंखला में अनिल कपूर, आदित्य रॉय कपूर, शोभिता धूलिपाला, तिलोत्तमा शोम, सास्वता चटर्जी और रवि बहल मुख्य भूमिका में हैं और यह डिज्नी+हॉटस्टार पर उपलब्ध है। इस बीच, अनिल फिलहाल सिद्धार्थ आनंद की एरियल एक्शन थ्रिलर फिल्म फाइटर की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण, करण सिंह ग्रोवर और अक्षय ओबेरॉय भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फाइटर 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

# शाहिद कपूर और कृति सैनन की फिल्म कर रही शानदार कमाई



बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर और तेरी बातों मैं ऐसा जिया की लीड एक्ट्रेस कृति सेनन अच्छी कमाई कर रहे हैं। यह फिल्म आज भी सिनेमाघरों में दिखाई जाती है। कॉमेडी-रोमांस जॉनर की इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्हें कृति सेनन और शाहिद कपूर के बीच की केमिस्ट्री भी पसंद आई। बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो तेरी बात मैं ऐसा तुलजा जिया ने भारत में आठवें दिन अच्छा प्रदर्शन किया। शुक्रवार को फिल्म ने 2.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। पिछले दिन की तुलना में गिरावट केवल लगभग 10 प्रतिशत है, जो एक अच्छी स्थिति का संकेत देती है। दूसरे शुक्रवार के बाद फिल्म का कुल कलेक्शन करीब 45.55 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा, सप्ताहांत तक कुल कमाई 50 करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। अमित जोशी और आराधना साहा की कहानी में शाहिद कपूर और कृति सेनन बिल्कुल फिट बैठते हैं। फिल्म को एक खरीदो, एक पाओ टिकट की पेशकश से भी लाभ हुआ। इस वाक्य ने फिल्म की गति बढ़ा दी। वैलेंटाइन डे का कलेक्शन लगभग पहले दिन के आंकड़े जैसा ही है। अब अगले शनिवार, रविवार और सोमवार का रुख फिल्म की हिट और फेलियर की कैटेगरी तय करेगा। हालांकि, निर्माताओं का मानना है कि रोबो-कॉम के लिए 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई करना मुश्किल होगा, लेकिन अब अगर सब कुछ ठीक रहा तो यह 65 करोड़ रुपये का आंकड़ा भी पार कर सकती है। जिया ने विदेश में अच्छी सफलता हासिल की है। फ्लि्म की कमाई 3 मिलियन से अधिक हो गई। फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये की कमाई की। 100 करोड़ रुपये कमाने वाली हिंदी फिल्मों के लिए निर्माताओं को लगभग 42 करोड़ रुपये का हिस्सा मिलता है, लेकिन इस मामले में भारत और उत्तरी अमेरिका में प्रोत्साहन के कारण यह 40 करोड़ रुपये से थोड़ा कम होगा। अच्छी बात ये है कि इसे ख़राब फी़ल्म नहीं माना जाता। तेरी बातों मैं ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी, 2024 को रिलीज़ हुई थी। फिल्म के गाने ब्लॉकबस्टर हिट हुए। यह एक रोबोट और वैज्ञानिक के बीच की प्रेम कहानी है।

## बॉलीवुड इंडस्ट्री में वक्त के साथ बदली एक्ट्रेसेस की पहचान:शिल्पा शेट्टी



एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने कहा है कि 90 के दशक में फिल्मों को वास्तविकता से दूर माना जाता था। उस समय एक्ट्रेसेस का ग्लैमरस दिखना जरूरी था, क्योंकि कोई भी नीरस चीजें नहीं देखना चाहता था। शिल्पा ने 1993 में रिलीज हुई बाजीगर से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने 90 और 2000 के दशक की कई फिल्मों में काम किया। हाल ही में उन्होंने रोहित शेट्टी की इंडियन पुलिस फोर्स के जरिए स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर शुरुआत की। 90 के दशक की तुलना में अब फिल्म निर्माताओं द्वारा महिलाओं को गंभीरता से लेने के बारे में बात करते हुए शिल्पा ने आईएएनएस से कहा, समय बदल गया है और समय के साथ कंटेंट भी बदल गया है। फिल्में और कुछ नहीं बल्कि हमारे समाज के ताने-बाने का प्रतिबिंब हैं। मुझे लगता है कि पुराने जमाने में फिल्मों को वास्तविकता से भागने के एक माध्यम के रूप में देखा जाता था। उन्होंने कहा, उस समय यह सब चीजें दूर-दूर तक नहीं सोची जाती थीं, एक्ट्रेसेस ग्लैमरस थीं क्योंकि कोई भी नीरस चीजें नहीं देखना चाहते थे।

# छत्तीसगढ़ में अवैध रेत खनन का मामला गरमाया




» छत्तीसगढ़ के कई जिलों में कार्यवाही
» अवैध रेत के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्यवाही
» माउंटेन मशीन समेत 57 वाहनों को किया जब्त
» खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

**रायपुर,17 फरवरी 2024 (ए)** छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार-भाटापारा जिले में अवैध रेत खनन के खिलाफ अभियान जारी है। इस कार्रवाई में चेन माउंटेन मशीन सहित 57 वाहन जब्त किए गए हैं। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कार्रवाई का व्यापक अभियान जारी है। जिला खनिज टास्क फोर्स ने कई इलाकों में दबिश देकर रेत के अवैध खनन में लगे चैन माउण्टेड मशीन और वाहन जब्त किए। जिला खनिज टॉस्क फोर्स में राजस्व विभाग, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल थे। टॉस्क फोर्स ने रेत, मुरुम, चूनापत्थर के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलग्न 51 वाहनों और छह चेन माउण्टेड मशीनों को जब्त किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार बलौदाबाजार ने खनिज रेत के अवैध परिवहन कर रहे 22 वाहनों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी तरह पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम दतान (ख) में अवैध उत्खनन में संलग्न दो चेन माउन्टेड मशीन एवं तीन हाईवा को नदी में रेत भराई के दौरान जब्त किया।

### कसडोल तहसील में भी कार्यवाही

इसी प्रकार कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम भदरा में रेत के अवैध उत्खनन में संलग्न तीन चेन माउन्टेड मशीन को तथा ग्राम भदरा एवं सिनोधा में रेत से भरी आठ हाईवा को जब्त कर कसडोल थाने के सुपर्द किया गया है। छापामार कार्रवाई के दौरान तहसीलदार लवन ने रेत से भरी आठ हाईवा, खनिज विभाग की टीम ने चार हाईवा जब्त कर थाना लवन में सुरक्षार्थ रखा गया है।

### मशीनें जब्त,कार्यवाही तेज

तहसीलदार टुण्ड्रा एवं भाटापारा के द्वारा तीन- तीन वाहनों पर अवैध परिवहन का प्रकरण तथा मुरुम के अवैध खनन में प्रयुक्त हो रहे चेन माउण्टेड मशीन जब्त किया गया है। जब्त मशीनों और वाहनों के विरुद्ध खान एवं खनिज अधिनियम, 1957 के तहत कार्यवाही की गई है।

# कमलनाथ के पार्टी छोड़ने पर टीएस सिंहदेव ने किया बड़ा खुलासा

### कमलनाथ पर मेरा टिप्पणी करना उचित नहीं



**रायपुर,17 फरवरी 2024(ए)।** एमपी के पूर्व सीएम कमलनाथ की पार्टी छोड़ने की अटकलों पर पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, कि किसी के जाने से फर्क तो जरुर पड़ता है। उन्होंने आगे बताया कि संयोग से कमलनाथ से कल ही मेरी बात हुई है। कमलनाथ पर मेरा टिप्पणी करना उचित नहीं है।

लोकसभा चुनाव से पहले मध्यप्रदेश कांग्रेस में बड़ा झटका लगने जा रहा है। कहा जा रहा है पूर्व सीएम कमल नाथ और नकुलनाथ कांग्रेस पार्टी से दशकों पुराना नाता तोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले हैं। खबर सामने आई है कि कमलनाथ सोमवार को भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इसी बीच पूर्व मंत्री और कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता टीएस सिंहदेव का बड़ा बयान सामने आया है। दिल्ली पहुंचने के बाद पूर्व सीएम कमलनाथ से मीडिया से पूछा गया कि क्या आप भाजपा में शामिल होने वाले हैं? तो उन्होंने मीडिया का जवाब देते हुए कहा कि आप सभी उत्साहित क्यों हो रहे हैं? अगर ऐसा कुछ हुआ तो मैं सबसे पहले आप लोगों को ही बताउंगा। कमलनाथ के इस बयान से साफ है कि उन्होंने भाजपा में शामिल होने की खबरों को इंकार नहीं किया है। बता दें कि पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने इन खबरों को खारिज कर दिया है। लेकिन सियासी तस्वीर कुछ और बयां कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें



### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में 12 न्यायाधीशों का प्रमोशन

### शैलेष कुमार तिवारी स्पेशल जज एट्रोसिटी दुर्ग

**बिलासपुर,17 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट प्रशासन ने प्रदेश के 12 न्यायाधीशों को पदोन्नत करते हुए जिला न्यायाधीश बनाया है। शुक्रवार को जारी सूची के अनुसार शैलेष कुमार तिवारी स्पेशल जज एट्रोसिटी दुर्ग, सरोज नंददास एडीजे बालोद, संतोष कुमार आदित्या द्वितीय एडिशनल प्रिंसिपल जज परिवार न्यायालय रायपुर, संजीव कुमार टॉमक एडीजे दुर्ग, खिलावन राम गिरी अतिरिक्त रजिस्ट्रार हाईकोर्ट, संघमित्रा भटपहरी जगदलपुर, जयदीप गर्ग रायपुर, थॉमस एक्का स्पेशल जज एट्रोसिटी राजनादगांव, देवेंद्र नाथ भगत अंबिकापुर, संतोष कुमार तिवारी परिवार न्यायालय न्यायाधीश दंतेवाड़ा, शैलेश कुमार रजिस्ट्रार आर्बिटेशन ट्रिब्यूनल रायपुर एवं प्रफुल्ल कुमार सोनवानी एडीजे बलरामपुर- रामानुजगंज को जिला व सत्र न्यायाधीश के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है।

### 8 दिनों तक ईडी की हिरासत में नीतीश



### एप संचालक सौरभ चंद्राकर से है करीबी नाता

**रायपुर,17 फरवरी 2024 (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन बुक के संचालन में शामिल नीतीश दीवान को आज ईडी ने पीएमएलए विशेष न्यायालय रायपुर में पेश किया, जहां उसे 24 फरवरी तक ईडी की रिमांड में भेजा गया है। इस दौरान ईडी उनसे पूछताछ करेगी.। बताया जा रहा कि नीतीश और उसका भाई महादेव बुक के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर के बहुत ही करीबी है.। नीतीश दीवान के सपने भी सौरभ चंद्राकर की तरह थे। नीतीश दुबई में महादेव ऐप के संचालक सौरभ चंद्राकर के साथ जुड़ गया. यही से दोनों साथ काम करने लगे.।

### जुर्री समेत 16 नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**बीजापुर,17 फरवरी 2024(ए)।** बीजापुर में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी को बड़ा झटका लगा है। बीजापुर से विधानसभा चुनाव में जेसीसीजे के प्रत्याशी रहे रामधर जुर्री समेत सोलह लोगों ने भाजपा की रीतिनीति व वरिष्ठ नेता महेश गागड़ा के कार्य से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम लिया।बीजापुर विधानसभा से जेसीसीजे के उम्मीदवार रहे रामधर जुर्री ने भाजपा की रीतिनीति व वरिष्ठ भाजपा नेता महेश गागड़ा के कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्होंने अपने 16 कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में प्रवेश कर लिया।

# मां बम्लेश्वरी मंदिर के एलईडी टीवी में चला अश्लील वीडियो

### श्रद्धालुओं में मचा हड़कंप,जांच में जुटी पुलिस



**राजनांदगांव,17 फरवरी 2024 (ए)।** जिले डोंगरगढ़ में स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर से एक शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है. जिसमे शुक्रवार की देर शाम मंदिर की सीढ़ियों में लगे एलईडी टीवी में अश्लील वीडियो दिखने से श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। एलईडी स्क्रीन पर चल रहे अश्लील वीडियो को कई श्रध्दालुओं ने अपने मोबाइल से रिकॉर्ड किया। जिसके बाद पूरा मामला डोंगरगढ़ थाने पहुंचा। इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। छत्तीसगढ़ की आराध्य माता मां बम्लेश्वरी मंदिर पहाड़ों पर स्थित है. जहां पहुंचने के लिए श्रध्दालुओं को लगभग 1100 सीढ़ियां चढ़ना होता है. वहीं सीढ़ियों के किनारे कई जगह मंदिर ट्रस्ट ने एलईडी स्क्रीन लगाई गई है. जिसमें शुक्रवार की देर शाम अश्लील वीडियो चलते दिखने से श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया. कई श्रद्धालु अपने परिवार के साथ एलईडी स्क्रीन के सामने थे और मंदिर परिसर में अश्लील वीडियो चलने से अपने आप को शर्मिंदा महसूस कर रहे थे। जिसके बाद कुछ श्रध्दालुओं ने पूरे मामले की शिकायत डोंगरगढ़ थाने पहुंच कर की। एक श्रद्धालु ने बताया कि वे डोंगरगढ़ माता मंदिर हमेशा परिवार के साथ आते रहते है। इस बार भी वे डोंगरगढ़ माता के दर्शन को पहुंचे थे। लेकिन जब दर्शन करके उतर रहे थे तब उन्होंने अश्लील वीडियो स्क्रीन पर चलता देखा उस समय वहां पर सैकड़ों की संख्या में स्कूली छात्र- छात्राओं के साथ महिलाएं भी मौजूद थी। जिसके बाद उन्होंने मंदिर ट्रस्ट समिति के ख़िलाफ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं मंदिर ट्रस्ट ने भी थाने में मामले की शिकायत की है।

### पुलिस ने शुरु की जांच

मां बम्लेश्वरी मंदिर के एलईडी में चले अश्लील वीडियो के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि यह वीडियो एलईडी स्क्रीन पर आखिरकार कैसे चला। जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा होगा। इस घटना के बाद लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

# अभ्यर्थियों को अब सर्वर डाउन की समस्या से मिलेगा छुटकारा

**रायपुर,17 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से असुविधा से बचाने नई वेबसाइट बनाई है। प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं के दौरान अभ्यर्थी ज्यादा होने के कारण वेबसाइट क्रैश हो जाती है। वेबसाइट क्रैश होने के कारण छात्र सर्वर डाउन की समस्या से परेशान रहते हैं।ऐसी समस्या आमतौर पर आवेदन करने के अंतिम दिनों में ज्यादा होती है। इसके अलावा परीक्षा परिणाम जारी होने के समय भी अभ्यर्थियों को परेशानी होती है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं की शिकायत अभ्यर्थी समय-समय व्यापमं में करते रहे हैं।इन्हीं परेशानियों से निजात दिलाने के मकसद से व्यापमं ने नई वेबसाइट बनाई है। नई वेबसाइट में मुख्य सूचनाएं, नवीन पंजीयन, अभ्यर्थी लागिन और परीक्षा परिणामों को प्रदर्शित किया जाएगा।वर्तमान में संचालित वेबसाइट भी पहले की तरह चलती रहेगी।




# छत्तीसगढ़ में फिर चलाया जाएगा प्रौढ़ शिक्षा अभियान



**रायपुर,17 फरवरी 2024(ए)।** भारत सरकार द्वारा असाक्षरों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से चलाये जाने वाले योजना प्रौढ़ शिक्षा अभियान एक बार फिर से प्रदेश में शुरू होने जा रहा है। इसके लिए बहुत जल्द ही स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन किया जाएगा 7 राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के संचालक राजेंद्र कुमार कटारा ने कहा नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी जिलों व प्रदेश के कम साक्षरता दर वाले पिछड़े जिलों को शत प्रतिशत साक्षर बनाए जाने की कोशिश की जा रही है । स्कूलों व कॉलेज के विद्यार्थी , गांव में रहने वाले पढ़े लिखे सदस्य, रिटायर्ड पर्सन और ऐसे व्यक्ति जो अपने आसपास के असाक्षरों को साक्षर करना चाहते हैं , उन्हें इस कार्य के लिए प्रेरित किया जाएगा।इन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाएगा इसके लिए एनसीईआरटी दिल्ली से प्रशिक्षक आएंगे। आजादी के समय से ही अशिक्षित व्यस्कों को साक्षर करने के उद्देश्य से एक शिक्षा अभियान चलाया जा रहा है, जिसे प्रौढ़ शिक्षा के नाम से जाना जाता रहा है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत एक बार फिर से प्रौढ़ शिक्षा शुरू होने जा रहा है, परंतु इस बार उसके नाम में बदलाव किया गया है अब इस अभियान को 'सबके लिए शिक्षा' के नाम से जाना जाएगा। सबके लिए शिक्षा' के अंतर्गत साल में दो बार परीक्षा आयोजित किए जाएंगे ,जो मार्च और सितंबर में होगा। इस वर्ष राष्ट व्यापी महापरीक्षा अभियान 17 मार्च को आयोजित की जाएगी, इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है ।

### ऐप के जरिए होगा सर्वे

प्रदेश में अब तक असाक्षरों का सर्वे ऑफलाइन मोड में ही होता था , इसके बाद उनसे संबंधित जानकारी को ऑनलाइन फील किया जाता था 7 अब ऐसा नहीं होगा ,केंद्र सरकार के उल्लास एप के माध्यम से सर्वे कार्य होगा , इससे किस जिले में कितने असाक्षर हैं, उनकी आयु कितनी है, यह सभी जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध रहेगी।

# मुठभेड़ में नक्सलियों पर भारी पड़े जवान



### सामान छोड़कर भागे नक्सली जवानों ने घटनास्थल से नक्सली सामान भी बरामद किया

**दंतेवाड़ा,17 फरवरी 2024 (ए)।** दंतेवाड़ा जिले के रामपुर गांव के पास नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने जमकर जवाबी वार किया। जवानों को भारी पड़ते देख नक्सलियों ने अपने ठिकाने पर सामान छोड़कर भाग खड़े हुए। मुठभेड़ के बाद जवानों ने घटनास्थल से नक्सली सामान भी बरामद किया।

मिली जानकारी के अनुसार, जवानों को सूचना मिली थी कि, रामपुर गांव के पास दरभा डिवीजन और पश्चिम बस्तर डिवीजन के बड़े नक्सली मौजूद हैं।सूचना मिलने के बाद बस्तर फाइटर्स, सीआरपीएफ 230 यंग प्लाटून और डीआरजी के जवान रवाना हुए थे। इसके बाद वहां पर मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद जवानों ने घटनास्थल से 2 बंदूक,1 क्लेमोर बम, 2 बीजीएल सेल, 3 टिफिन बम, इलेक्ट्रॉनिक वायर, डेटोनेटर, नक्सली वर्दी और दस्तावेज बरामद किया।वहीं बीजापुर के गुण्डम कैम्प से डीआरजी, एसटीएफ , सीआरपीएफ153, और कोबरा 210 की टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। इस दौरान उन्होंने 5-5 किलो के तीन आईईडी बरामद किया। इनमें दो प्रेशर आईईडी और 1 एंटी हैंडलिंग आईईडी है। सुरक्षाबलों ने अपनी सतर्कता और सूझबूझ से नक्सलियों के नापाक इरादों पर पानी फेर दिया।

# स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के स्थान पर अब बच्चे करेंगे न्योता भोज



### सामाजिक संगठन भी कर सकेंगे योगदान

**रायपुर,17 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के स्कूलों में अब न्योता भोजन योजना लागू की जाएगी। धानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है। शाला अवधि में विद्यार्थियों को भोजन प्रदाय करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना गाइड लाइन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन के प्रविधान के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में इसे 'न्योता भोजन' के नाम से लागू करने का निर्णय लिया गया है।

इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया गया है। जो व्यक्ति छात्रों को भोजन कराना चाहते हैं, उन्हें इसकी जानकारी पूर्व में ही देनी होगी। उस दिन विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन के स्थान पर संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा न्योता भोज कराया जाएगा, अर्थात जिस दिन स्कूलों में न्योता भोज परोसा जाएगा उस दिन मध्यान्ह भोजन का वितरण नहीं होगा। व्यक्ति या संस्था विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर छात्रों को भोजन करा सकेंगे

### न्योता भोज' कार्यक्रम में कलेक्टर-एसपी हुए शामिल

इसी कड़ी में धरमपुरा से खबर मिली है यहां 'न्योता भोज' कार्यक्रम के तहत रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह आज धरमपुरा स्थित प्राथमिक स्कूल पहुंचे। कलेक्टर ने यहां बच्चों को खाना खिलाया। इसके बाद खुद बच्चों के साथ खाना खाए। इस दौरान कलेक्टर गौरव सिंह के साथ उनका परिवार, रायपुर एसपी संतोष कुमार यादव और नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा मौजूद रहे।

### न्योता भोजन का उद्देश्य

न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि और सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग व कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं। अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकेंगे। न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा, बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक होगा।

### दानदाता होंगे सम्मानित

समुदाय में ऐसे दान दाताओं की पहचान की जा सकती है, जो रोटेशन में माह में कम से कम एक दिन शाला में 'न्योता भोजन' करा सके। दानदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें शाला की प्रार्थना सभा व वार्षिक दिवस में सम्मानित किया जाए। भोजन दान की प्रकृति को महादान के रूप में प्रचारित किया जाना चाहिए, जिसमें पूरे विद्यालय अथवा किसी कक्षा विशेष के बच्चों को 'न्योता भोजन' कराया जाता है। 'न्योता भोजन' की घोषणा प्रार्थना के दौरान की जाए। घोषणा में दान-दाता के नाम की भी घोषणा की जा सकती है व उन्हें आमंत्रित किया जा सकता है।




# भाजपा विधायक ने राहुल गांधी के खिलाफ थाने में कराई एफआईआर

### नरेंद्र मोदी की जाति के संबंध में आपत्तिजनक और भ्रामक बयान देने के आरोप

**बिलासपुर,17 फरवरी 2024 (ए)।** बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत की है कि 8 फरवरी को रायगढ़ में न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति के संबंध में भ्रम पैदा करने के लिए आपत्तिजनक और भ्रामक बयान दिया था। भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने यह भी कहा था कि भारतीय जनता पार्टी हिंसा व नफरत की राजनीति करती है। विशेष रूप से प्रधानमंत्री के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी कर उन्होंने सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने के उद्देश्य से आपराधिक कृत्य किया है। इसे लेकर उनके विरुद्ध आईपीसी की धारा 153 ए, 295, 500 तथा 501 के तहत अपराध दर्ज किया जाए।

# महंगी पड़ी अवैध निर्माण पर कार्रवाई के खिलाफ याचिका



» हाईकोर्ट ने आवेदक पर ठोंका तगा जुर्माना
» दोबारा दायर कर दी याचिका

**बिलासपुर,17 फरवरी 2024 (ए)।**रायगढ़ में नगर निगम द्वारा एक अवैध निर्माण पर की गई कार्रवाई के खिलाफ याचिका महंगी पड़ गई। हाईकोर्ट ने इस याचिका को कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग माना और इसे खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर 25000 रुपए का जुर्माना लगाया है।पुराना शनि मंदिर रोड निगम कार्यालय के सामने अभिषेक शर्मा द्वारा अवैध निर्माण किया गया था। इस पर निगम प्रशासन ने नियमानुसार नोटिस जारी किया। नोटिस के खिलाफ शर्मा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी, जिस पर न्यायालय द्वारा भवन अनुज्ञा के लिए नियमानुसार निगम कार्यालय में आवेदन करने के निर्देश देते हुए याचिका निराकृत कर दी गई।

इस दौरान भवन अनुज्ञा के लिए विधिवत आवेदन नहीं कर आवेदक अभिषेक शर्मा द्वारा पुनः हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की और याचिकाकर्ता को विधि की प्रक्रिया का पालन नहीं करने एवं कानून का दुरुपयोग करने की बात कहते हुए याचिका खारिज की और उस पर 25000 रुपए का जुर्माना लगाया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)